RNI NO. CHHHIN/2022/83778

# न्यूज रूटीन

अगर आपने दर्द में भी मुस्कुराना सीख लिया तो समझिए आपने जिन्दगी जीना सीख लिया

मासिक, बलौदाबाजार से प्रकाशित

वर्ष : 03 अंक : 02 मासिक, बलौदाबाजार, फरवरी 2024 E-mail: newsroutine6@gmail.com पृष्ठ : 16 मूल्य : 15 रू.



## खेल के माध्यम से खुशी, संस्कृति और दोस्ती का संगम-मुख्यमंत्री

**रायपुर।** राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटनराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटनराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटनराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटनराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का नागपुर में किया उद्घाटन

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि एकल अभियान ने देश के आदिवासी क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया के जरिए ग्रामीण इलाकों में हुनर को आगे लाने का काम किया। शिक्षा के साथ-साथ खेल भी महत्वपूर्ण हैं और खेलों के माध्यम से खुशी, संस्कृति और दोस्ती का संगम होता है। मुख्यमंत्री श्री साय आज नागपुर के राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय, लॉ कॉलेज स्टेडियम में आयोजित एकल अभियान राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता में देशभर से 1200 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकास के लिए विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को ध्येय वाक्य मानकर सबके विकास का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना 15 नवम्बर 2023 से देश में संचालित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति के लोग हैं, उन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र भी कहा जाता है, जो विकास की दृष्टि से और भी पीछे हैं इनके लिए अलग से प्रधानमंत्री जनमन अभियान प्रधानमंत्री ने शुरू की है। इसमें सैकड़ों अनुसूचित जनजाति के लोग विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति में आते हैं। तीन वर्षों में इनके विकास के लिए योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री ने यह योजना 23 नवम्बर 2023 से प्रारंभ की। इसमें 11 योजनाओं पर फोकस करते हुए इसकी जिम्मेदारी भारत सरकार के 9 मंत्रालयों को दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि इन वर्गों की जहां भी बसाहट है सबसे पहले उनकी बसाहट आवागमन से जुड़ जाए। सबका आधार कार्ड बने, सभी के घरों में बिजली पहुंचे, जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल के द्वारा पानी पहुंचे, सबके पास गैस का सिलेण्डर उपलब्ध हो, सबका प्रधानमंत्री आवास में मकान बन जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी 11 योजनाओं का परिणाम बहुत अच्छा देखने को मिला है। आने वाले समय में विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति के लोगों का बहुत विकास होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के राष्ट्रपति का सर्वोच्च पद पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को नियुक्त कर आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। उनकी सोच के अनुसार छोटा राज्य निर्माण से प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है।इससे पहले अतिथियों ने भारत माता की प्रतिमा का पूजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुभाष चौधरी ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। विशेष अतिथि श्री विशाल अग्रवाल ने खेल मशाल स्थापित कर खेल ध्वज फहराया।

## जिसका लोगों से मेल-मिलाप नहीं छूटता, उसकी लीडरशिप होती है पक्की-डॉ. मनसुख मांडविया ने विधायकों को दिया संदेश



**रायपुर।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडवियाजितना संपर्क बढ़ाएंगे, आपको परिस्थितियों के बारे में उतना ही अधिक फीडबैक मिलेगा जिसका जनसंपर्क नहीं छूटता, लोगों से मेल-मिलाप नहीं छूटता, उसकी लीडरशिप पक्की होती है। इसलिए लोगों से खूब मिलिये, जितना संपर्क बढ़ाएंगे, आपको परिस्थितियों के बारे में उतना ही अधिक फीडबैक मिलेगा और आप अपने कार्यों का बेहतर तरीके से संचालन कर सकते हैं। विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने विधायकों को यह संदेश दिया। डॉ. मांडविया ने कहा कि आप सभी अध्ययनशील हो, खूब पढ़ें, जब अपनी बात रखनी हो तो बहुत से संदर्भ दें। इसके लिए राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय परिस्थितियों पर नजर रखें। हमेशा किसी विषय पर बात रखने के लिए उसके संदर्भ में पढ़ी गई चीजों को उद्धत करें। सबसे ज्यादा आपका जनसंपर्क बढ़िया होना चाहिए, एक अच्छे लीडर का जनसंपर्क शानदार होता है। सोशल मीडिया के उपयोग के संदर्भ में उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया का उपयोग बहुत जरूरी है। इसके माध्यम से आप अपनी बात बहुत से लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचा सकते हैं। योजनाओं की जानकारी की पहुंच का भी यह अच्छा माध्यम है। इसके लिए सोशल मीडिया का खूब उपयोग करें। मंत्री ने कहा कि विधानसभा में आपकी उपस्थिति शत-प्रतिशत होनी चाहिए। इससे विधानसभा में आने वाले सभी मुद्दों की आपको गहरी समझ रहेगी। साथ ही आप विभिन्न वक्ताओं के पक्ष भी इसके माध्यम से जान पाएंगे और किसी भी मुद्दे के बारे में अनेक प्रकार के विचार अथवा अभिव्यक्ति जान सकेंगे।

डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत विश्व का सबसे प्राचीन लोकतंत्र है। हम जितना मेहनत करेंगे, हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। हमें सोसायटी को भी मजबूत करने की दिशा में काम करना होगा। हमारी सोसायटी जितनी मजबूत होगी, हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। हम यदि अपने प्राचीन साहित्य का और इतिहास का अध्ययन करें तो लोकतांत्रिक परंपराएं हमारे इतिहास का गहरा हिस्सा रही हैं। साहित्य और इतिहास के अनेक किस्से हमें बताते हैं कि भारत में लोकतांत्रिक परंपराओं की जड़े बहुत गहरी रही हैं। डॉ. मांडविया ने विधायकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जितनी रुचि से वे विधानसभा की कार्यवाही में मन लगाएंगे, वे अपने क्षेत्र का उतना ही बेहतर तरीके से प्रतिनिधित्व कर पाएंगे।

## विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है-मुख्यमंत्री

**रायपुर।** श्री जगदीप धनखड़ जी का छत्तीसगढ़ में आगमन हुआ है और आज के इस कार्यक्रम में वे हम सबको आशीर्वाद और मार्गदर्शन देंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न फसलों की 160 से अधिक किस्में विकसित की गई हैं एवं 100 से अधिक उन्नत कृषि तकनीकों का भी विकास किया गया है।



# श्री राम मंदिर से जुड़े 500 वर्षों के इतिहास पर ऐतिहासिक लाइव प्रस्तुति के गवाह बने राजधानीवासी...



## 'गाथा श्रीराम मंदिर की' संगीतमय प्रस्तुति से भावविभोर हुए दर्शक

**रायपुर।** 'गाथा श्रीराम मंदिर की' संगीतमय प्रस्तुति से भावविभोर हुए दर्शकश्री रामलला के ननिहाल छत्तीसगढ़ में पहली बार हुई संगीतमय प्रस्तुतिश्री रामलला के ननिहाल छत्तीसगढ़ में पहली बार हुई संगीतमय प्रस्तुति'गाथा श्रीराम मंदिर की' संगीतमय प्रस्तुति से भावविभोर हुए दर्शकश्रीराम जन्मभूमि से जुड़े 500 वर्षों के इतिहास की गाथा की प्रस्तुति आज राजधानी रायपुर स्थित पुलिस ग्राउंड में दी गई। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन एवं संस्कृति, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर राजधानी की जनता ने गाथा श्रीराम मंदिर की संगीतमय लाइव प्रस्तुति का आंनद लिया। यहां मुम्बई से आए श्री मोहित शिवानी के हृदय बैंड ने गाथा प्रस्तुति के क्रम में 500 साल पहले आक्रांताओं द्वारा मंदिर तोड़े जाने और इसके बाद से शुरू श्रीराम जन्मभूमि को मुक्त कराने के संघर्ष की गाथा सुनाई। इस 75 मिनट की गाथा में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के 2000 से अधिक वर्षों के इतिहास की संगीतमय प्रस्तुति दी गई।संगीतमय गाथा की प्रस्तुति श्रीराम जन्म से शुरू होकर अयोध्या पर हुए आक्रांताओं के तमाम हमलों और अयोध्या के रक्षकों की चर्चा हुई। इस गाथा के जरिए हर उस महत्वपूर्ण व्यक्ति का उल्लेख किया गया, जो अयोध्या और श्रीराम मंदिर से सम्बद्ध है। साथ ही राजा विक्रमादित्य और माँ अहिल्याबाई होल्कर द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार, बैरागी साधुओं के संघर्ष, गर्भगृह से रामलला का निकाला जाना, गर्भगृह में रामलला का प्रकट होना, कार सेवक, कोठारी बन्धुओं के बलिदान, राजनीतिक उथल-पुथल और वर्तमान निर्माणाधीन मंदिर की भव्यता, दिव्यता और उसके पीछे केंद्र और राज्य सरकार के संकल्प का चित्रण किया गया।

संगीतमय श्रीराम गाथा में श्रीराम चंद्र कृपालु भज मन, हमारे साथ श्री रघुनाथ, हनुमान चालीसा जैसे अनेक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियों से पूरा माहौल राममय हो गया। उपस्थित जन तालियों की थाप के बीच राम भजन से मंत्रमुग्ध हुए। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री धरमलाल कौशिक, विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, विधायक श्री रोहित साहू, विधायक श्री अनुज शर्मा, गुरु श्री खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस भव्य आयोजन के लिए आयोजक, प्रस्तुतकर्ता और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

## डीएमएफ का पैसा शासन का, इस राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यों के लिए हो : कलेक्टर

**कोरबा** । जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि खनिज विकास निधि अंतर्गत राशि भी शासन का ही पैसा है। इस राशि का सदुपयोग जिले के विकास कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। डीएमएफ की राशि आबंटित होने पर संबंधित विभाग को शासन के नियमों का पूरी तरह से पालन करते हुए समय पर कार्य सुनिश्चित करने के साथ ही डीएमएफ से होने वाले निर्माण कार्य, सप्लाई अथवा खरीदी की प्रक्रिया में गुणवत्ता, भण्डार क्रय नियम और अंतिम भुगतान के पूर्व सत्यापन का भी पूरा ध्यान रखा जाना जरूरी है। उन्होंने लापरवाही पर नियमानुसार कार्यवाही की बात भी कही।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में कलेक्टर ने एजेण्डावार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राशि स्वीकृत होने के पश्चात् लंबे समय से अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अप्रारंभ कार्यों की सूची तैयार रखते हुए शासन के निर्देशों के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत प्राप्त राशि एवं भुगतान, ऑडिट की स्थिति, विभागवार 2023-24 हेतु प्रस्तावित प्रस्तावों के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफ अंतर्गत जो भी कार्य स्वीकृत किए जाएंगे उसमें शासन द्वारा निर्धारित निविदाओं के नियमों का पालन करते हुए कार्य करना है। किसी भी कार्य में नियमों की अनदेखी अथवा लापरवाही पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। बैठक में प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य सहित डीएफओ श्री अरविंद पीएम, श्री कुमार निशांत, निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग व विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मोक्ष कुपोषण को परास्त कर पहुंचा सुपोषण की श्रेणी में





**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिसके कारण कुपोषण की स्थिति मध्यम श्रेणी में आ गया है। सी सेम कार्यक्रम के तहत सेम तथा मेम बच्चों की मेडिकल जांच कर सभी को मेडिकल किट प्रदाय के साथ-साथ जिन बच्चों में अति गंभीर कुपोषण पाया जाता है उनको एनआरसी में भर्ती कर समुचित उपचार दिया जाता है।

जिले के दुर्ग विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम उतई के एक साल का मोक्ष अति गंभीर कुपोषित श्रेणी का था। उम्र, वजन, ऊंचाई व लंबाई के अनुसार मोक्ष बहुत ही कमजोर एवं दुबला था। मोक्ष को सी सेम कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई 2023 में लिया गया। इस कार्यक्रम के तहत उम्र के अनुसार वजन या ऊंचाई व लंबाई के अनुसार वजन के आधार पर मध्यम या गंभीर रूप से कुपोषित एवं चिकित्सीय जटिलतारहित बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों के स्तर पर उपचार के लिए नामांकित किया जाता है, जबकि चिकित्सीय जटिलताओं वाले बच्चों को एनआरसी में भर्ती किया जाता है।

मोक्ष का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, जिसमें कोई भी जटिलता नही पाया गया। भूख परीक्षण में भी बच्चा पास रहा। मोक्ष की माता विद्या यादव मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत मोक्ष को नियमित आंगनबाड़ी में खाना खिलाने लाती थी। बाल संदर्भ शिविर में भी बच्चे को लेकर जाती थी। जो भी डॉक्टर के द्वारा परामर्श दिया जाता था उसे ध्यान से सुनती थी और अमल करती थी। रेडी टू ईट को नियमित रूप से आहार में बच्चे को खिलाती थी। पहले मोक्ष का वजन 8 किलो था जो अब बढ़कर 8.800 किलोग्राम हो गया है। तीन माह में 800 किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और उनके परिवार के सहयोग से अब मोक्ष सैम से मैम की श्रेणी में आ गया है। अब मोक्ष अच्छे से खाना खाता और खेलता है, वजन बढ़ने से परिवार के लोग भी बहुत खुश हैं।

## जल जीवन मिशन सुकमा अंतर्गत ग्राम पंचायत पुसपल्ली के आश्रित ग्राम मंगीपाल को हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम घोषित

**सुकमा।** सुकमा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पुसपल्ली के आश्रित ग्राम मंगीपाल में हर घर जल प्रमाणीकरण के दौरान ग्राम पंचायत पुसपल्ली सरपंच को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ग्राम मांगीपाल में हर घर जल उत्सव जल सभा, कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे सरपंच श्रीमति देवे करटामी एवम् सचिव भीमे तेमाली की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उप अभियंता सुकमा श्री आर.एल मंडावी द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते आगे भी योजना को सुचारू रूप से चलाने को कहा। ग्राम सभा में सरपंच, एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को जल जीवन मिशन के तहत प्रदत्त पाईप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने के लिए कहा साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बाहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन के लिए प्रेरित किया। जिला क्षमता विकास एवं ट्रेनिंग समन्वयक अरुण सरकार द्वारा जल जीवन मिशन में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को विस्तार से समझाया साथ ही गांव के सभी लोगो को संचालन एवम् जल संरक्षण करने को बोले । जिला समन्वयक सतीश साहू द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण की संपूर्ण जानकारी देते जल बहिनियों को जल गुणवत्ता की जानकारी देते ग्राम के जल स्त्रोत का जल नमूना लेकर जल गुणवत्ता परीक्षण के विभिन्न पैरामीटर पर परीक्षण करना सिखाया व अशुद्ध जल से होने हानिकारक प्रभाव एवं बीमारियों के बारे में बताया। इस मौके पर जिला समन्वयक अजीत पोटाई, गांव के प्रमुख पटेल ,जल बहिनी, गणमान्य नागरिक, विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ वारियर्स से राज्य को खेल जगत में भी मिलेगी नई पहचान: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के निजी होटल में छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित छत्तीसगढ़ वारियर्स स्क्वॉयड' के लॉन्चिंग कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ वारियर्स स्क्वॉयड के लोंगो तथा पोशाक को लॉन्च करते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वारियर्स के माध्यम से खेल जगत में भी राज्य को विशिष्ट पहचान मिलेगी। क्रिकेट काफी लोकप्रिय खेल है शहर से लेकर गांव तक में भी इसे लोग बड़े उत्साह के साथ खेलते है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों को आगे ले जाने के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे नई प्रतिभाएं उभर कर सामने आ रही है। आज खेल के क्षेत्र में भी भारत में काफी मेडल आने लगे हैं।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ वारियर्स नाम की टीम तैयार की गई है। इससे पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां क्षेत्र खनिज और वनोंपज से भरपूर है। यह राज्य कला, साहित्य तथा संस्कृति आदि के क्षेत्र में आगे है ही और अब छत्तीसगढ़ वारियर्स से खेल जगत के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ को नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा राज्य में खेलो को बढ़ावा देने निरंतर कार्य किए जा रहे है। इनमें नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मैंचों का आयोजन हो रहा है। साथ ही खेल के आधारभूत संरचनाओं का तेजी से निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग छत्तीसगढ़ वारियर्स सहित देश के विभिन्न राज्यों से कुल 6 टीमें भाग ले रही है। इनके बीच कुल 18 मैचेस आयोजित होंगे। इसका आयोजन देहरादून-उत्तराखंड में 23 फरवरी से 03 मार्च 2024 तक किया गया है। छत्तीसगढ़ वारियर्स की टीम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके श्री यूसुफ पठान, श्री मुनाफ पटेल, श्री नमन ओझा, श्री स्टुवर्ड बिन्नी, श्री डवेन स्मिथ आदि खिलाड़ी शामिल है। इस अवसर पर विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा तथा श्री तरूणेश परिहार, श्री योगेश अग्रवाल, श्री प्रवीण त्यागी, श्री सदत घोष सहित क्रिकेट जगत से जुड़े खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# एसडीएम वासु जैन ने नागरिकों को कुष्ठ जागरूकता संदेश का शपथ दिलाया

**सारंगढ़ बिलाईगढ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला में 13 फरवरी तक आयोजित 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' की थीम 'कलंक मिटाएं, गरिमा अपनाएं' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएएस वासु जैन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ एवं नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सम्मानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्कूल की छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकगण शामिल हुए। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत बरमकेला विकासखंड के कुष्ठ रोग को जिन्होंने पछाड़ा है और जो दवा का सेवन कर रहे है उनको एसडीएम वासु जैन व प्रतिनिधियों द्वारा शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। एसडीएम वासु जैन ने सभी नागरिकों कुष्ठ जागरूकता संदेश शपथ दिलाया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही द्वारा कुष्ठ रोग संबंधित लक्षण, बचाव के उपाय तथा उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। स्पर्श कुष्ठ रोग जनजागरूकता अभियान के तहत एसडीएम, स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा हाथों में नारा लिए जनप्रतिनिधियो के साथ रैली निकालकर बरमकेला के सुभाष चौक, अटल चौक, इंदिरा चौक, जनपद चौक होते हुए अपने स्कूल पहुंचे। एसडीएम वासु जैन ने कहा कि बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं निवारण दिवस बृहद रूप से मनाया गया है जिसमें कुष्ठ रोग से मुक्त हो गए हैं उनका सम्मान किया गया जो कुष्ठ रोग की नियमित दवा का सेवन कर रहे हैं उनका भी सम्मान किया और उनसे वार्तालाप करते हुए हाल-चाल को भी पूछा, साथ स्कूली छात्राओं के द्वारा रैली निकालकर संदेश दिया गया खंड चिकित्सा अधिकारी डा. अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि कुष्ठ रोग एक गंभीर बीमारी है, इसका इलाज संभव है। यह बीमारी छूने से नहीं होती है। मुख्य रूप से यह बीमारी माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रै नामक बैक्टीरिया से हवा के जरिए फैलती है। पूरी तरह इसके लक्षण सामने आने में कई बार 4 से 5 साल का समय भी लग जाता है रोग की जांच व इलाज सभी सरकारी अस्पतालों, उप स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि महात्मा गांधी ने कुष्ठ रोगियों की सेवा कर आमजन को इस कार्य के लिए प्रेरित किया था। महात्मा गांधीजी की यह विचारधारा वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है। नारा दिया गया हम सब ने यह ठाना है, कुष्ठ रोग को मिटाना है,इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, बीईओ नरेश चौहान सहित विकासखंड बरमकेला के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।



# जिले की 1210 आंगनबाड़ियों में चलाया गया स्वच्छ आंगनबाडी अभियान

**कोण्डागांव।** जिले की 1210 आंगनबाड़ियों को स्वच्छ एवं सुसज्जित बनाने तथा स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से 15 से 21 जनवरी तक स्वच्छ आंगनबाडी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में समुदाय आधारित गतिविधियों और भागीदारी योजना पर जोर दिया गया। इस अभियान का शुभारंभ कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा किया गया था।

अभियान के माध्यम से कोण्डागांव के 426, फरसगांव के 253, माकड़ी के 222, केशकाल के 126 एवं बड़ेराजपुर के 136 आंगनबाडी केंद्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सामुदायिक भागीदारिता पर विशेष जोर दिया गया था। जिसके तहत 1768 पंचायत सदस्यों, 3637 स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, 2871 युवाओं, 4004 अभिभावकों एवं स्वयंसेवी संगठन ने भाग लिया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी को बढ़ाकर आंगनबाडी केन्द्रों की नियमित साफ-सफाई एवं सुसज्जित करने का सामूहिक प्रयास करना था।

इसके तहत आंगनबाडी परिसर, कमरे, रसोई एवं स्टोर रूम आदि को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित करने का कार्य किया गया। इस अभियान के सफल संचालन हेतु महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिस्वाल के मार्गदर्शन में सभी सीडीपीओ, आईसीडीएस सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जिले की सभी परियोजनाओं में सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं, सरपंच, सचिव और पंच सदस्यों को इस अभियान से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था। इसके अलावा युवाओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए कॉलेज स्तर पर भी युवाओं से चर्चा की गई थी। आंगनबाडी को स्वच्छ बनाने के इस अभियान के दौरान सभी ने आंगनबाडी को स्वच्छ बनाने की शपथ ली। स्वच्छ आंगनबाड़ी अभियान में पिरामल फाउंडेशन एवं महात्मा गांधी फेलो का भी सहायोग जिला प्रशासन को प्राप्त हुआ।

# ईंट भट्ठे में हुआ बालबाड़ी का संचालन, बिरहोर जनजाति के कृषको को मिली सामुदायिक खेती की जानकारी

**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया गया था कि वे सोमवार को आम नागरिकों से मिलने के लिए अनिवार्य रूप से अपने दफ्तर में उपस्थित रहें। इसी तरह उन्होंने मंगलवार को समय सीमा की बैठक होने की वजह से अधिकारियों को बुधवार, गुरूवार सहित अन्य दिनों में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी फील्ड पर जाकर लेने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के इस निर्देश के पश्चात् अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी ली जा रही है। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि श्री अजय अनंत द्वारा विकासखण्ड पाली के ग्राम भेलवाटिकरा में भूमि संरक्षण कार्यालय द्वारा किए जा रहे लघुत्तम सिंचाई तालाब निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उप संचालक कृषि ने ग्राम पंचायत डोंगानाला अंतर्गत ग्राम गणेशपुर के मोहल्ला बिरहोर पारा में विशेष पिछड़ी जनजाति कृषकों को सामुदायिक खेती से जोड़ने एवं उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए बैठक आयोजित कर आवश्यक जानकारी प्रदान की। मौके पर सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी चित्रागंद ठाकुर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री जीपी डिक्सेना, आरएस पाल, अजय सिंह आदि के द्वारा किसानों से चर्चा कर जानकारी प्रदान की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीपी भारद्वाज द्वारा शासकीय विद्यालय आमाडांड, ढेंगुरडीह, कोरकोमा का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन वितरण सहित विद्यालय संचालन की जानकारी ली गई। उन्होंने शिक्षकों को समय पर उपस्थित होने और बेहतर अध्यापन के निर्देश दिए। सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती आभा पाठक द्वारा विकासखण्ड कटघोरा अंतर्गत ग्राम देवरी में कृषक सियाराम, पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उड़ता में बिरहोर जनजाति के कृषकों के स्थल का निरीक्षण कर सामूहिक खेती एवं उद्यानिकी को बढ़ावा देने प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की डीडीओ श्रीमती प्रीति खोखर चखियार द्वारा भी लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कोरबा शहरी के दो आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए जाने पर मानदेय काटने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने मिशन वात्सल्य अंतर्गत शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह बालक एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण सेवा भर्ती मातृछाया का भी निरीक्षण किया और किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत निहित मानक मापदण्डों का पालन करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती चखियार द्वारा रामपुर सेक्टर कोरबा शहरी में अपनी उपस्थिति देकर बैठक ली गई। उन्होंने सहायक आयुक्त श्रम के साथ कटघोरा अंतर्गत ईंट भट्ठा पतरापाली, नवापारा, धंवईपुर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कटघोरा ब्लॉक के पतरापाली, धंवईपुर में संचालित चार ईंट भट्ठों में तीन बालबाड़ी आरंभ किया गया है। यहाँ श्रमिकों के बच्चों को कार्यस्थल पर भोजन और अन्य पोषण आहार मिलेगा।

# वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति के लिए वर्दी एक मौका देती है- अरूण कुमार जुल्के

**दुर्ग।** भारतीय थलसेना और वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए संभाग स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीआईटी कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री गजेन्द्र यादव एवं श्री ललित चंद्राकर, कमिश्नर श्री सत्यनारायण राठौर, मेजर माथुर, सेवानिवृत्त अधिकारी श्री अरूण जुल्के, सारजेंट श्री डी.एस.मराठे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अश्वनी देवांगन उपस्थित थे। भारतीय थल सेना और वायु सेना में भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता पर चर्चा हुई।




इस अवसर पर सेवानिवृत्त नेवी अधिकारी अरूण कुमार जुल्के ने बताया कि उन्होंने नेवी में 30 सालों तक अपनी सेवा दी। इन 30 सालों में उनकों बहुत कुछ सीखने को मिला। बाहर जाएंगे तो आपको अनेक अवसर प्राप्त होंगे और साथ ही देश की सेवा कर सकेंगे। इससे बड़ी गर्व की बात और क्या हो सकती है। यहां के बच्चे बहुत शिक्षित हैं। अग्निवीर से एक बेहतर लीडर व समय पर त्वरित निर्णय लेने एवं अपने पावर का अच्छा उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने संक्षिप्त में अग्निवीर में भर्ती की प्रक्रिया को बताया। अग्निवीर भर्ती छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक अच्छा अवसर सरकार ने दिया है। इसमें जरूर हमको जाना चाहिए। कोशिश करनी चाहिए कि हमे इसमें भर्ती मिल जाए। देश की सेवा करने का एक अच्छा मौका मिला है। वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति के लिए वर्दी एक मौका देती है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि यह भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। दूसरे देशों में हर नागरिक को सैनिक शिक्षा दी जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए अग्निवीर में युवाओं की भर्ती की जा रही है। युवाओं में देशप्रेम की भावना जागृत करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। हमकों अपने देश के प्रति मातृभूमि की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। जिन नौजवानों में बचपन से ही देश के पति कुछ कर गुजरने की इच्छा जागृत होती है मैं उन नौजवानों को प्रणाम करता हूँ। विधायक श्री ललित चंद्राकर ने कहा कि अग्निवीर एक ऐसा कार्यक्रम है जो देश के प्रति मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूती प्रदान करता है। देश के मजबूत युवाओं के लिए यह कार्यक्रम समर्पित है। अग्निवीर में भर्ती के लिए युवाओं के लिए यह एक सुनहरा मौका है, जिससे युवाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा और देश भक्ति की भावना भी जागृत होगी।

कमिश्नर श्री सत्यनारायण राठौर ने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण में युवा सामने आकर अग्निवीर के रूप में भर्ती होकर देश की सेवा करें। देश के हर व्यक्ति को सेना का प्रशिक्षण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा न केवल अपना कैरियर बनाए, बल्कि देश में अपना शत-प्रतिशत योगदान भी दें। संभाग के सातों जिलों से आए अधिकारी अपने-अपने जिले में अग्निवीर भर्ती हेतु युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने को कहा। अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कराने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्र निर्माण पर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा आर्मी करती है आतंरिक रक्षा पुलिस करती है। देश की रक्षा-राष्ट्र भक्ति के लिए संकल्प लेकर कठिन परिस्थितियों मे रहकर हमारे जवान देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान देते हैं। भारतीय नौसेना में एसएसआर (सीनियर सेकेण्डरी रिक्रूट) की पहली महिला बैच में दुर्ग जिले के ग्राम बोरीगारका की बेटी हिषा बघेल का चुनाव किया गया। बहुमुखी प्रतिभा की धनी माता-पिता की लाडली हिषा बघेल ने अपने अंचल को अपनी कामयाबी से हर्षित किया है। अग्निवीर योजना के तहत महिलाओं की भर्ती होनी थी इसमें पहले चरण में देशभर से जिन महिलाओं का चयन किया गया उसमें हिषा बघेल भी शामिल है। हिषा बघेल शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय दुर्ग की एनसीसी कैडेट है। एनसीसी का प्रशिक्षण प्राचार्य एवं प्रोफेसर के दिशा निर्देशन प्राप्त कर अग्निवीर में हिषा को नई पहचान दिलाई। 2024 के राजपथ परेड में पहली पंक्ति पर अपना स्थान बनाया। उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई करते करते भारतीय नौसेना की तैयारी की। हिषा ने मेरिट के आधार पर चयन के स्टेज वन को पास किया और उसके बाद विशाखापट्टनम मे लिखित परीक्षा और फिजिकल टेस्ट में उसका प्रदर्शन अच्छा रहा। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की ऑनलाईन पढ़ाई की। प्रथम पदस्थापना मुंबई के बंदरगाह पर हुआ। वर्तमान में गोवा के बंदरगाह में पदस्थ है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत सरकार की योजना का लाभ लेकर छत्तीसगढ़ के युवा भारतीय सेना में अपनी जगह बना सकते हैं। भोपाल से आए भारतीय वायु सेना सारजेंट श्री कपुल संतोष ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा अपने जोश को जगाकर अग्निवीर में भर्ती हों। अग्निवीर के वायु और थल सेना की भर्ती गतिविधियों तथा सेना द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी।

## केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सीखी कृषि की नई तकनीक

**नारायणपुर।** शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय नारायणपुर के 150 छात्र छात्राओं द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रदर्शन प्रक्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण में आए छात्र-छात्राओं को संस्था के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री डॉ. दिव्येंदु दास ने कृषि विज्ञान केंद्र की कार्यप्रणाली के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं प्राकृतिक खेती की की जानकारी दी, छात्र छात्राओं ने प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान संस्था के वैज्ञानिक उत्तम दीवान एवं इंद्र कुमार ने प्रक्षेत्र में स्थापित विभिन्न प्रदर्शन इकाइयां जैसे केंचुआ खाद उत्पादन इकाई, उन्नत बीज उत्पादन इकाई, स्व-चालित मौसम केंद्र, कस्टम हायरिंग केंद्र, मशरूम उत्पादन इकाई, उद्यानिकी नर्सरी, बटेर एवं मछली प्रजनन, कड़कनाथ व बटेर अंडा हैचिंग इकाई आदि का अवलोकन किया एवं विस्तार पूर्वक कृषि की नवीनतम तकनीकी के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं ने समन्वित कृषि प्रणाली के मॉडल का भी भ्रमण किया एवं अपने शंका का समाधान जाना। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय से पधारे शिक्षक-शिक्षिका गण एवं केविके के कार्यक्रम सहायक लवण कुमार सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी पात्र महिला नहीं छूटना चाहिए - मुख्य सचिव

**राजनांदगांव।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं धान खरीदी के भौतिक सत्यापन के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके क्रियान्वयन के लिए विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए हितग्राहियों की सुविधा का ध्यान रखने की जरूरत है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं तक पहुंचकर फार्म भरवाने की व्यवस्था कराना होगा। उन्होंने महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी दें, ताकि हितग्राही पात्रता के अनुरूप लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी पात्र महिला नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन पहले 15 दिनों में इस कार्य में गति लाना है। उन्होंने तीव्र गति से फार्म भराने के निर्देश दिए तथा शिविर के आयोजन के साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए एक कंट्रोल रूम बनाने के लिए कहा।

मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी कलेक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए हितग्रहियों को चिन्हांकित कर उन्हें प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए।

## थल सेना एवं वायु सेना में अग्निवीर भर्ती संबंधी कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद ।** स्थानीय वनरक्षक प्रशिक्षण शाला महासमुंद में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी के अध्यक्षता में थल सेना एवं वायु सेना में महासमुंद जिला के विभिन्न योग्य प्रतिभागियो को भाग लेने संबंधी तथा अग्निवीर भर्ती के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी श्री रेखराज शर्मा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी सुश्री अंजलि बरमाल, कनिष्ठ रोजगार अधिकारी श्रीमती अवंती यादव, सेवानिवृत्ति सैनिक शेष नारायण साहू एवं जिले भर से आए व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में श्री रेखराज शर्मा के द्वारा अग्नि वीर भर्ती को जानकारी प्रारंभ से लेकर के अंत तक विस्तार पूर्वक बताया गया। तकनीकी जानकारी श्री शेषनारायण साहू सेवानिवृत्ति सैनिक द्वारा प्रदान किया गया जिला शिक्षा अधिकारी मुखर्जी मैडम द्वारा समस्त व्यायाम शिक्षकों को इस कार्य हेतु प्रेरित किया गया एवं सबसे ज्यादा पंजीयन करने वाले व्यायाम शिक्षको को 15 अगस्त पर सम्मानित करने की घोषणा किए एवं इस अवसर पर सहायक क्रीडा अधिकारी बरमाल मैडम द्वारा सभी व्यायाम शिक्षकों को अपने स्कूल , गांव व आसपास के सभी योग्य प्रतिभागियों से संपर्क कर उन्हें अग्नि वीर भारती 2024 के बारे में बताने एवं प्रेरित करने के लिए कहा गया। कनिष्ठ रोजगार अधिकारी श्रीमती अवंती यादव के द्वारा भी थल सी वायु सेवा में अग्नि वीर भर्ती संबंधी जानकारी की विभिन्न पहलुओं को बताया गया।

## झुमका जल महोत्सव में जमकर झूमे कोरियावासी

**कोरिया।** झुमका जल महोत्सव के पहले दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने करीब 74 करोड़ रुपए की लागत की विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी थी, साथ ही झुमका व घनघुटा डैम को पर्यटन केंद्र बनाने व कोरिया में नालन्दा परिसर खोलने की घोषणा की है। बॉलीवुड डांस ग्रुप के अलावा अलंकार सूफ़ी बैंड की प्रस्तुति ने दर्शको को थिरकने के लिए विवश किया तो इंडियन आयडल फेम सिंगर निहाल तारो, सनमुख प्रिया व नचिकेत लेले की प्रस्तुति से दर्शकों ने मोबाइल की टार्च चालू कर दर्शकों ने उत्साहवर्धन किया।निहाल तारो व निचेकत लेले ने पुराने व नए गीत गाकर दर्शको की वाहवाही लूटे तो, दर्शको ने भी उनके गीत को सराहते हुए अपने सीटो पर झूमते आए। सूफी गीत तुम्हे दिल लगी भूल जानी पड़ेगी... कभी दिल लगाकर तो देखो तो नचिकेत लेले ने दर्द ए दिल, दर्द ए जिगर, दिल में लगाया, पहले तो मै शायर था.. जैसे कई पुराने फिल्मों के गीत गाकर संगीतमय झुमका बना दिया। कार्यक्रम में कोरिया वासी देर रात तक इस कार्यक्रम के साक्षी बने तो जिले के आम से लेकर खास तक भी गीत सुनकर थिरकते नजर आए।

# किसान हितैषी फैसले से किसान बेहद खुश

## मुख्यमंत्री का नारायणपुर अंचल के किसानों ने किया अभिनंदन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ द्वारा मात्र पौने दो माह की अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में लिए गए फैसले से राज्य भर के किसान बेहद खुश है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत मिलने को लेकर जगह-जगह किसान संगठनों एवं समूहों द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिपरिषद के सहयोगी मंत्रीगणों का स्वागत अभिनंदन किया जा रहा है। किसान समूहों द्वारा मुख्यमंत्री के स्वागत अभिनंदन का ऐसा ही नजारा आज राज्य के सुदूर वनांचल के जिला मुख्यालय नारायणपुर में देखने को मिला। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय पहली बार नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में आयोजित कृषि मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का यहां किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किसान के हित में उनकी सरकार द्वारा लिए गए फैसले को लेकर जोरदार ढंग से स्वागत अभिनंदन किया और मुख्यमंत्री का आभार जताया। किसानों संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि उन्होंने यह सोचा नहीं था कि धान खरीदी और उसके मूल्य को लेकर आपकी सरकार इतनी जल्द फैसला लेकर उसे लागू भी कर देगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल किसानों के हित से जुड़े मामलों को जिस तेजी के साथ मुख्यमंत्री श्री साय की छत्तीसगढ़ सरकार ने लागू किया है। इसके लिए हम छत्तीसगढ़ सरकार को बधाई और धन्यवाद देते है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को हमारी सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखेगी। प्रधानमंत्री जी की गारंटी पूरा करने के लिए हमारी सरकार ने राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए हम किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर कर रहे है। राज्य में समर्थन मूल्य पर रिकार्ड तोड़ धान की खरीदी होने के बावजूद भी धान बेचने से शेष रह गए किसानों के हित में हमने धान खरीदी की निर्धारित तिथि में 4 दिन की बढ़ोत्तरी कर 4 फरवरी कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसान हितैषी सरकार है। राज्य में धान खरीदी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि हमने शनिवार और रविवार को भी धान खरीदी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हम राज्य के किसान भाईयों को 2183 रूपए प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के भीतर उनके बैंक खातों में कर रहे है। धान का मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को भी हम जल्द पूरा करेंगे। प्रति क्विंटल के मान से किसान भाईयों को 917 रूपए की शेष राशि एकमुश्त उनके बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु वनोपज संग्राहकों के हित में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की एक और गारंटी को हमने पूरा कर दिया है। तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान 5500 रूपए प्रति मानक बोरा के दर से करने का आदेश जारी कर दिया गया है। संग्रहण की निर्धारित अवधि 15 दिन बढ़ाये जाने का वायदा भी पूरा किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। उन्होंने कहा कि एक दौर ऐसा था जब किसानों के पास उन्नत और बेहतर खेती के लिए पूंजी नहीं होती थी। किसानों को साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर रकम लेकर खेती-किसानी करने पड़ती थी। किसान हमेशा कर्ज में फंसे रहते थे। इस स्थिति को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम उठाया और किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। इससे किसानों को कम दर पर सोसायटियों एवं बैंकों से कर्ज मिलने लगा। वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, उस समय सहकारी बैंकों से किसानों को रियायती ब्याज दर पर खेती के लिए कर्ज मिलता था, जिसे धीरे-धीरे घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया है। किसानों को बिना ब्याज के खेती-किसानी के लिए ऋण देने का काम छत्तीसगढ़ की तत्कालीन सरकार ने शुरू किया। आज भी हम किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती के लिए लोन दे रहे है। फसल बीमा जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को सहजता से मिल रहा है। इसका श्रेय भी तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। उनके कार्यकाल में ही फसल बीमा योजना का सरलीकरण किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार देश के 140 करोड़ जनता के हित में काम कर रही है। किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में, जहां बिजली की सुविधा नहीं थी, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सिंचाई की सुविधा प्रदान करने का काम हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सभी गारंटी को हम पूरा करेंगे, जिसमें से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राज्य की पात्र महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए देने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है। राज्य के भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रूपए, महिलाओं को 500 रूपए में गैस सिलेण्डर देने के वादे को हम जल्द पूरा करेंगे। इसको लेकर हमारी सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री जी की गारंटी को पूरा करने के लिए हमारी सरकार ने श्री रामलला दर्शन योजना लागू की है। राज्य के लोगों को सरकारी खर्चे पर अयोध्या ले जाकर भगवान श्रीराम का दर्शन कराने की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए प्रयासरत् है। उन्होंने दूरस्थ वनांचल में रहने वाले आदिवासी भाईयों विशेषकर पिछड़ी जनजाति के लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। अबूझमाड़िया जनजाति बस्तर अंचल में निवास करती है। इन जनजातियों की बसाहटों में पक्का आवास, रोड, नाली, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था के साथ ही सरकार की 11 योजनाओं का लाभ दिलाने का काम तेजी से किया जा रहा है। यह योजना 9 विभागों के समन्वय से क्रियान्वित की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर नारायणपुर अंचल में रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा जन कल्याण के लिए संचालित कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा एवं समग्र विकास के क्षेत्र में रामकृष्ण मिशन का अमूल्य योगदान है। यहां आकर अच्छा लगा। रामकृष्ण मिशन द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए 181 आंगनबाड़ियों के संचालन की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम में उच्च शिक्षा की व्यवस्था के लिए महाविद्यालय खोलने की घोषणा की।

# खेलों के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध - टंकराम वर्मा



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज मुंगेली जिले के विकासखंड पथरिया के मदकुदीप में 03 और 04 फरवरी को आयोजित होने वाले कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री श्री वर्मा का स्वागत किया गया। मंत्री श्री वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सिक्का उछालकर खेल प्रारंभ किया। आज के प्रथम मैच महिला वर्ग में ग्राम खैरी विरुद्ध नयापारा के मध्य खेला गया, जिसमें खैरी की टीम ने 20-10 से जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच बेलखुरी विरुद्ध परसदा के मध्य खेला गया, जिसमें बेलखुरी की टीम ने 13- 08 से विजय प्राप्त किया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री वर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकु के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता एक बेहतरीन मंच है। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि खेलों के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

मंत्री श्री वर्मा ने कबड्डी खेल आयोजन समिति के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक डा. प्रमोद साहू, डॉ प्रकाश ठाकुर, श्री जीवन लाल कौशिक, डॉ सी.पी. ठाकुर, श्री सेवा राम साहू, श्री भगवती मिश्रा सहित निर्णायक दल के सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में कबड्डी खेल प्रेमी मौजूद थे।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान में अनियमितता पाये जाने पर की गई कार्यवाही

**मनेन्द्रगढ़** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा जिला खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों की निरंतर जाँच की जा रही है तथा अनियमितताएं पाये जाने पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिस पर वार्ड क्रमांक 19 नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ के राशनकार्ड धारियों के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर युक्त शिकायत की गई थी कि, उपरोक्त वार्ड के शासकीय उचित मूल्य की दुकान आईडी क्रमांक 531002012 संचालक ऐजेंसी श्री हरि महिला स्व सहायता समूह मनेन्द्रगढ़ द्वारा राशनकार्ड धारियों से अभद्र व्यवहार किया जाता है, दुकान समय पर नहीं खोली जाती एवं पर्याप्त समय के लिए नहीं खोली जाती, राशन सामग्री का मूल्य अधिक लिया जाता है एवं दुकान संचालन में अनियमिता की जाती है। उक्त शिकायत पर सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा कार्यवाही की गई जिसका जाँच प्रतिवेदन 18 जनवरी 2024 को प्राप्त हुआ। जांच में शिकायत सही पाई गई एवं प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि संचालक/विक्रेता द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के कंडिका 9(16), 11(5). 11(3). 11(11), 12(3), 13(1), 13(2), 15 एवं अनुबंध पत्र, प्राधिकार पत्र की शर्त क्रमांक 5,12,13, 15, 20, 21, 22, 27 एवं 28 का उल्लंघन किया गया है। जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का उल्लंघन एवं दण्डनीय है। उक्त प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित संचालक एवं विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसका उत्तर दिनांक 01 फरवरी 2024 को संचालिका ने खाद्य शाखा जिला कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में दिया, किन्तु दिया गया उत्तर संतोष जनक नहीं पाया गया। अत: उक्त दुकान आईडी 531002012 की वर्तनान संचालक ऐजेंसी श्री हरि महिला स्व सहायता समूह को निलंबित करते हुए अस्थाई रूप से शासकीय उचित मूल्य की दुकान आईडी क्रमांक 531002004 दुकान संचालक संस्था पूजा महिला स्व सहायता समूह में संलग्न किया जाता है तथा आगामी आदेश तक पर्यन्त दुकान आईडी क्रमांक 531002012 का संचालन पूजा महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जायेगा।

# महिला समूहों के कार्यों की मुख्यमंत्री ने की तारीफ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने गृहग्राम बगिया में स्व-समूह की महिलाओं से मुलाकात कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली और महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की तारीफ की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व-सहायता समूहों में महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़े ताकि महिलाओं को रोजगार मिल सके और वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो सके। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को मार्केट उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की पहल जशपुर ब्राण्ड के नाम से बिक्री के लिए पहल की जा रही है। इसके लिए एक अलग से वेबसाइट भी बनायी गई है, ताकि इन उत्पादों की बिक्री के लिए आसानी से मार्केट उपलब्ध हो सके।



स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि समूहों द्वारा महुआ, कोदो, चावल, हर्रा, टाऊ कटहल इमली चाय, माउथ फ्रेशनर आदि बनाने का काम किया जा रहा है। अनीश्वरी भगत ने उनके समूह द्वारा महुआ से लड्डू बनाया जा रहा है। कस्तूरी ठाकुर ने आन लाइन पर्चेसिंग काम करती हैं।

# राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल को खूब भाया बस्तर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल के अधिकारी बस्तर क्षेत्र के भ्रमण में पहुंचे हैं। अध्ययन दल ने बस्तर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। इस दौरान अध्ययन दल ने दंतेवाड़ा के पर्यटन स्थल, बस्तर जिले के चित्रकोट, कुटुमसर का भ्रमण किया। बुधवार की शाम को आसना स्थित बादल अकादमी में बस्तर की प्रमुख पारंपरिक लोक नृत्य और लोक गीत की प्रस्तुति देखकर लोक कलाकारों का हौसला-अफजाई की।

ज्ञात हो की राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का अध्ययन दल एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शामिल 6 सप्ताह के अंडर स्टैंडिंग इंडिया मॉड्यूल के तहत 120 अधिकारियों का दल 8-8 अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहा है। इसी क्रम में 16 अधिकारियों का दल छत्तीसगढ़ पहुंचा है, जो प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं सहित राज्य में हो रहे विकास कार्यों और गतिविधियों का अध्ययन कर रहे हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति, सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताओं सहित जनजातीय बाहुल्य इलाकों के विशेष संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग, महिला सशक्तिकरण के साथ ही विकास से जुड़े विषयों पर अध्ययन दल द्वारा अवलोकन किया जा रहा है।

अध्ययन दल में शामिल पांच मित्र देशों-अमेरिका, कजाकिस्तान, सऊदी अरब, बांग्लादेश और नेपाल के अधिकारियों को छत्तीसगढ़ और बस्तर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सौंदर्य खूब भाया है। उन्होंने बताया कि साथी अधिकारी छत्तीसगढ़ की इस सुन्दर यात्रा को लेकर बहुत उत्सुक और खुश हैं। अध्ययन दल में दल प्रभारी मेजर जनरल श्री सामर्थ्य नागर के नेतृत्व में आईपीएस श्री मानविन्दर सिंह भाटिया, एयर कमोडोर श्री भुवन माथुर, ब्रिगेडियर श्री वैभव मिश्रा, श्री वैभव अग्रवाल, श्री एस. सेन, श्री विक्रांत पाटिल, श्री टी. के. मिश्रा, श्री व्ही. गणपति, बांग्लादेश से आए कमोडोर मोहम्मद फैजल हक, सऊदी अरब से कर्नल श्री युसुफ बिन गाजी अल ओतैबी, नेपाल से कर्नल श्री बिमल कुमार बासनेत, कजाकिस्तान से कर्नल श्री जोल्डस नेसिपबायेव, अमेरिका से कर्नल श्री डाना डेमर, डीआरडीओ से डॉ. कमल किशोर पंत, आईएनएएस से श्री कंवल सिंह शामिल है। बस्तर में कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, आईजी श्री सुंदरराज पी. कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे सहित अन्य अधिकारियों ने बस्तर की सामाजिक-सांस्कृतिक विशिष्टताओं सहित विभिन्न विकास गतिविधियों से अध्ययन दल को अवगत कराया।

गुरुवार की सुबह अध्ययन दल ने जगदलपुर शहर के समीप बुरूंदवाडा सेमरा स्थित एमआरएफ (समृद्धि) का अवलोकन किया। उन्होंने एमआरएफ सेंटर की गतिविधियों का जायजा लेकर कचरा और वेस्ट मेटेरियल के प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा किए नवाचार की सराहना किए। सेंटर में वेस्ट मेटेरियल से निर्मित जैकेट के संबंध में अतिथियों को अवगत करवाया गया।

## कलेक्टर ने खेलभांठा की सफाई के बाद सरकारी जमीन का निरीक्षण किया

**सारंगढ़** बिलाईगढ कलेक्टर श्री के एल चौहान सहित जिला और नगरपालिका की टीम ने खेलभांठा सारंगढ़ मैदान में शनिवार की सुबह सफाई किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चौहान ने पुलिस भर्ती को तैयारी कर रहे युवाओं से मिलाकर उनको अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। श्री चौहान ने मैदान के चारो ओर का निरीक्षण किया। इसके साथ साथ कलेक्टर ने तहसीलदार श्री आयुष तिवारी के साथ सरकारी जमीन का अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री रामनाथ सिदार, श्री सूरज तिवारी, श्री गोल्डी नायक, श्री अजय बंजारे, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, टी आर महेश्वरी, उप संचालक कृषि श्री आशुतोष श्रीवास्तव, सीएमओ श्री राजेश पांडेय, इंजीनियर उत्तम कंवर, खाद्य अधिकारी श्री चित्रकांत ध्रुव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री आशीष बनर्जी, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी श्री बृजेन्द्र ठाकुर उपस्थित थे।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान में अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा जिला खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों की निरंतर जाँच की जा रही है तथा अनियमितताएं पाये जाने पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिस पर वार्ड क्रमांक 19 नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ के राशनकार्ड धारियों के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर युक्त शिकायत की गई थी कि, उपरोक्त वार्ड के शासकीय उचित मूल्य की दुकान आईडी क्रमांक 531002012 संचालक ऐजेंसी श्री हरि महिला स्व सहायता समूह मनेन्द्रगढ़ द्वारा राशनकार्ड धारियों से अभद्र व्यवहार किया जाता है, दुकान समय पर नहीं खोली जाती एवं पर्याप्त समय के लिए नहीं खोली जाती, राशन सामग्री का मूल्य अधिक लिया जाता है एवं दुकान संचालन में अनियमिता की जाती है। उक्त शिकायत पर सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा कार्यवाही की गई जिसका जाँच प्रतिवेदन 18 जनवरी 2024 को प्राप्त हुआ। जांच में शिकायत सही पाई गई एवं प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि संचालक/विक्रेता द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के कंडिका 9(16), 11(5). 11(3). 11(11), 12(3), 13(1), 13(2), 15 एवं अनुबंध पत्र, प्राधिकार पत्र की शर्त क्रमांक 5,12,13, 15, 20, 21, 22, 27 एवं 28 का उल्लंघन किया गया है। जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का उल्लंघन एवं दण्डनीय है। उक्त प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित संचालक एवं विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसका उत्तर दिनांक 01 फरवरी 2024 को संचालिका ने खाद्य शाखा जिला कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में दिया, किन्तु दिया गया उत्तर संतोष जनक नहीं पाया गया। अत: उक्त दुकान आईडी 531002012 की वर्तनान संचालक ऐजेंसी श्री हरि महिला स्व सहायता समूह को निलंबित करते हुए अस्थाई रूप से शासकीय उचित मूल्य की दुकान आईडी क्रमांक 531002004 दुकान संचालक संस्था पूजा महिला स्व सहायता समूह में संलग्न किया जाता है तथा आगामी आदेश तक पर्यन्त दुकान आईडी क्रमांक 531002012 का संचालन पूजा महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जायेगा।

# वनों को आग से बचाये

गरियाबंद। ग्रीष्म काल प्रारम्भ होते ही वनों में आग लगने की घटना प्रायः होती है, जंगल की आग से होने वाले पेड़ों का नुकसान जलवायु परिस्थितियों को बाधित कर सकता है, जिससे कार्बन श्रृंखला टूटने का खतरा है। जंगल की आग से कई जानवरों की मौत भी हो जाती है, वहीं कुछ जानवरों के आवास नष्ट हो जाते है, जिससे वे शहरों और गांवो की तरफ भागने लगते है। आग से वनों में पाई जाने वाली वनस्पति और जीव नष्ट हो जाते है। वर्ष 2024 में अग्नि वर्ष 15 फरवरी से प्रारंभ हो रहा हैं, तथा वनों को अग्नि से बचाना विभाग की प्रथम प्राथमिकता है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख के निर्देशानुसार वनों में घटित अग्नि घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए अग्नि घटना सूचना नियंत्रण कक्ष (मोबाईल नंबर +91-8817432397) गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद कार्यालय में स्थापित किया गया है। वनक्षेत्र में अग्नि घटना होने (आग लगने) पर तत्काल कॉल, एस.एम.एस., व्हाट्सप, फोटो, विडियो के माध्यम से ऊपर दिये गये मोबाईल नंबर पर सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा वनों की आग से सुरक्षा के लिए वन कर्मियों की सहायता कर सकते हैं। वन विभाग द्वारा अग्नि पट्टियों व निर्धारित क्षेत्रों में नियंत्रित दाहन किया जाता है, उनकी देख रेख करें। आग लगने की सूचना देने व ग्रामवासियों को आग बुझाने हेतु एकत्रित करने के लिए अग्निरक्षक या वन रक्षक को सहयोग प्रदान करें। वनों के निकट अपने खेतों में कृषि अपशिष्ट जलाने के समय सर्तकता बरतें, कृषि अपशिष्ट जलाने के लिए ऐसा समय निर्धारित करें, जब हवा न चल रही हो व आग बुझाने के लिए पर्याप्त व्यक्ति या संसाधन उपलब्ध हों, कृषि अपशिष्ट जलाने के बाद सुनिश्चित करें कि आग की कोई भी चिंगारी शेष न रहे, सड़कों के किनारे (वनों के किनारे अथवा बीच से गुजरने वाली ) कार्य करने वाले श्रमिकों को चाय अथवा भोजन बनाने के लिए आग जलाने से रोके, ताकि आग निकटवर्ती वन क्षेत्र में न फैले। साथ ही यह ध्यान रखे कि वनों या उसके आस-पास के क्षेत्रों में आग न जलाये। चरवाहों एवं राहगीरों द्वारा धूम्रपान करने से भी आग लग सकती है। वन क्षेत्र में धूम्रपान न करें और न माचिस पास में रखें। वन क्षेत्र से शहद, महुआ के फूल अथवा अन्य किसी गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद के संग्रहण के लिए आग का प्रयोग न करें, अवांछनीय व असामाजिक तत्वों द्वारा जान बूझकर वन क्षेत्र में आग लगाए जाने पर उनकी गिरफ्तारी के लिए वन विभाग व पुलिस विभाग के कर्मचारियों को सहयोग करें। वाहनों में सफर करते समय यात्रियों द्वारा धूम्रपान कर लापरवाही से जलती हुई बीड़ी, सिगरेट के टुकड़े व माचिस की तीली बाहर फेंकने से आग लग सकती है, ऐसा करने से बचे। वनों की आग से सुरक्षा करने में सहायता करें। वनों में आग लगने की सूचना तत्काल निकटतम वन चौकी या वन कर्मियों अथवा अग्नि घटना सूचना नियंत्रण कक्ष (मोबाईल नंबर +91-8817432397 ) पर दे।

# सरजू बगीचा जैसे सघन रिहायिशी इलाके में नियम विरुद्ध चलाया जा रहा था दुकान

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर पटाखा दुकानों की जांच के लिए गठित टीमों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सिलसिले में डिप्टी कलेक्टर शिवकुमार कंवर के नेतृत्व में गठित दल ने सरजू बगीचा स्थित पटाखा दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम में तहसीलदार बिलासपुर अतुल वैष्णव , जोन कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव तथा प्रयोगशाला सहायक संजय मिश्रा शामिल थे। संयुक्त दल द्वारा शहर के सरजू बगीचा स्थित लाइसेंस धारी सुनील कुमार तोलानी के पटाखा दुकान में लाइसेंस, स्थल, भंडारण, क्रय विक्रय , की जांच की जा की गई। श्री तोलानी के उक्त दुकान में अनुज्ञप्ति के अनुसार कुल पटाखों की क्षमता 1500 किलोग्राम से बहुत अधिक पाई गई। दुकान रिहायशी इलाके में स्थित है। उक्त पटाखे के दुकान में विधि विरुद्ध तरीके से प्लास्टिक की दुकान का भी संचालन किया जा रहा है। पटाखों के साथ साथ प्लास्टिक के बहुत सारे सामान भी एकत्रित किए गए हैं। कुल पटाखों की मात्रा लगभग 5000 किलोग्राम से अधिक पाई गई। क्रय विक्रय का लेखा जोखा विधिसम्मत तरीके से संधारित नही किया गया है। दुकान के अंदर आपात स्थिति में उपयोग के लिए अग्निशमन यंत्र नहीं रखा गया है दुकान की शटर में स्टॉपर भी नही है।

# जिले में मनाया गया कृमि मुक्ति दिवस दिवस

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज जिले में सभी शासकीय एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु एल्बेंडाजोल की दवा दी गई। जिला स्तर पर कार्यक्रम की शुरुआत आंगनबाड़ी केंद्र चितालंका स्कूल पारा में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर के द्वारा बच्चो को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

# महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाओं ने दिखाया रूझान



**राजनांदगांव ।** जिले में शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वार्ड कार्यालय में पहुंच रही हैं। वहीं दूसरी ओर ऑनलाईन भी फार्म भरे जा रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शासन की इस महती योजना के प्रति महिलाओं में विशेष रूझान दिखाया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज 23 हजार 970 फार्म भरे हैं।

अब तक कुल 1 लाख 46 हजार 402 आवेदन जमा किए गए हैं। शासन की महतारी वंदन योजना के प्रति महिलाओं में जागरूकता एवं उत्साह है। जिले में पर्याप्त संख्या में फार्म उपलब्ध हैं। पात्र हितग्राहियों को शासन की इस महती योजना से लाभ मिले इसके लिए लगातार फार्म भराए जा रहे है। फार्म भरने में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए महिलाओं को मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। शासन की यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हरसंभव कार्य किए जा रहे हैं। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 है और पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

# अवैध प्लॉटिंग करने वाले 146 भू स्वामियों को नोटिस

**बिलासपुर।** अवैध प्लॉटिंग के सिलसिले में तखतपुर अनुविभाग के 14 गावों के 146 भू स्वामियों को नोटिस जारी की गई है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर एसडीएम तखतपुर श्री वैभव क्षेत्रज्ञ ने नोटिस जारी की है। उन्हें 9 तारीख को शाम 5 बजे तक वैध कागजात प्रस्तुत करने की मोहलत दी गई थी। जवाब प्रस्तुत नहीं करने वालों के प्लॉट पर बुलडोजर की कार्रवाई की जायेगी। सभी भूस्वामी बिलासपुर शहर के आसपास के रहने वाले गावों से हैं। उनके द्वारा भूमि की अवैध प्लॉटिंग कर छोटे छोटे टुकड़ों में भूखण्ड बेची जा रही है। न तो उन्होंने कॉलोनाइजर लाइसेंस लिया है और न ही नगर निवेश विभाग से नक्शा पास कराया है।

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तखतपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन 146 भू स्वामियों और अवैध प्लॉट काटने वालों को नोटिस जारी की गई है, उनमें उसलापुर के 3, नीरतु के 1, घुरू के 17, सैदा के 15, अमेरी के 13, पेंडारी के 17, समलपुरी के 3, सकरी के 9, छतौना के 9,भरनी के 8, मेंड्रा के 29, लोखंडी के 9, हांफा के 11 तथा जोकी के 2 लोग शामिल हैं। कुछ अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खुद के नाम पर भूमि है जबकि कुछ लोग भूमि स्वामियों से अवैध रूप से एग्रीमेंट लिखाकर भूमि पर प्लॉटिंग करवा रहे हैं। सकरी तहसील के अंतर्गत ग्राम अमेरी, लोखंडी, विंध्यासेर,नीरतू, काठाकोनी के अवैध प्लॉटर जिन्हें नोटिस जारी की गई है, उनमें विनोद माधवानी, लवकुमार सिंह सरकंडा, ममता पाण्डेय अंबिकापुर, गणेश राम, बजरंग लाल, संतकुमार गुप्ता अमेरी, राधेश्याम साहू, तिलकनगर, सुजीत सिंह, विजय नथानी, नीलिमा जॉन अमेरी, रमनदीप सलूजा, जेठानंद ला, सिंधी कॉलोनी, पुष्पा पिता रामेश्वर, शत्रुघ्न पिता तिहारू, बिनबाई लोखंडी, उदय खांडे, छतलाल तिहारु लोखंडी, सतबर्ती बाई, बाजहीन पिता तिहारू, संतकुमार पिता तिहारी, पांचों बाई पति तिहारू, सतबाई पिता तिहरू और जुबैर कुरैशी तारबहार को नोटिस जारी की गई है।

सकरी तहसील के ग्राम भरनी में अश्विनी कुमार वगैरह, मनोज, यश रेलवानी, गुलशन पेसवानी, गोपाल मानिकपुरी, निर्मल दास, गौरव पिता रमेश कुमार को नोटिस। मेंड्रा के मेरान बक्शी, इंतजार, नूर मोहम्मद, गरीब दास मानिकपुरी, कलीम खान, प्रदीप पटेल, नंदलाल यादव लालाराम कर्ष, भास्कर निर्मल, खेदूराम, कनकराम, सुकुमार यादव, दुर्गा, अभिषेक दुबे, नागेश्वर शुक्ला, गणेश रजक, राहुल अग्रवाल, रमा बाई, सेवकराम साहू, संतोष भारद्वाज, उमेश प्रताप, अंजु सिंह, गौकरण, प्रमिल कुमार, संदीप कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, जानकी अग्रवाल, कृष्ण कुमार, एनोश प्रकाश, चम्पा बाई, संजय कुमार , हरप्रसाद, सुवासिन बाई, सतीश कौशिक, रिद्धि सिद्धि मैनेजमेंट को नोटिस दिया गया है। छतौना से विनोद मिश्रा, रिद्धि सिद्धि मैनेजमेंट डायरेक्टर खुशबू पति विजय अग्रवाल, मनीषा बजाज, मायादेवी, हितेश, मनमोहन सिंह, मनीषा अग्रवाल, इंदु इंटरप्राइजेज शैलेश अग्रवाल, नूर मोहम्मद को नोटिस जारी की गई है। ग्राम सैदा के रविन्द्र पाटनवार, मो अमजद खान, दीपक अग्रवाल, हेमंत छितरका, दीपक साहू, प्रकाश कलवानी, अल्फा प्रॉपर्टीज संचालक मिथुन साहू, प्रदीप साहू, हरीश अग्रवाल, मुकेश कुमार, अभिलाष, बिसुन सोनवानी, अनूप चड्ढा, प्रवेश कुर्रे, घुरू के पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अब्दुल अजीज,हेमंत मिश्रा,गज विनायक बिल्डर, ओमप्रकाश, अंकुर सिंह उमाशंकर तावड़कर, रवि कुमार, शशिकला धृतलहरे, मैतू पिता शंकर, शेख सिराजुल, शशि कुमार सोनी, शिवदास वगैरह तथा सकरी से खालिद खान, अमीन पिता खालिद खान, सोनसाय साहू, कार्तिक राम यादव, हनुमान प्रसाद थवाईत, नंदलाल यादव, राजेश राजपूत, प्रदीप पटेल,अंशुका चंद्रवंशी को नोटिस जारी किया गया है।

इसी प्रकार सकरी तहसील के पटवारी हल्का नंबर 44 एवं 47 के जिन भूमि स्वामियों को नोटिस जारी की गई है,उनमें अजय पिता केशव,नितेश पिता राजीव लोचन, छहुरा मुकुंदा,भागेला, विकास हाय, नीतीश, हाजी गेयूर हुसैन, विवेक,प्रदीप पटेल, दुर्गा देवी, जगत राम,शारदा, उषा पति बलराम, अनिल राठौड़, संदीप दिगस्कर, सुदर्शन बंसल, मुर्तजा हुसैन,अनिल वस्त्रकर,नितिन त्रिपाठी, विश्वजीत त्रिपाठी, सोमपुरी गोस्वामी, नवदीप टुटेजा, शैलेश देवांगन, नफीस कादरी, स्तुति अग्रवाल, सुरेश कुमार साहू, नितिन त्रिपाठी, सरोज चौधरी, नील चक्र एंटरप्राइजेज, श्रीमती खिरोड़ जजीना मुर्तजा हुसैन शामिल हैं।

# चौथी वर्षगांठ पर अरपा महोत्सव से भाव विभोर हुए जिलेवासी



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के गठन की चौथी वर्षगांठ पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित भव्य और वृहद अरपा महोत्सव से जिलेवासी भावविभोर हुए। मल्टीपरपज शाला मैदान पेंड्रा में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल थे। महोत्सव की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्री कार्यान्वयन और जिले के प्रभारी मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया।

मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने भगवान श्री राम और स्थानीय देवी देवताओं की जयकारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया और जिले वासियों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और राज्य की जनता की ओर से जिला स्थापना की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को प्रकृति ने बहुत आर्शिवाद दिया है। अरपा यहां की जीवन दायिनी नदी है। यदि अरपा नहीं होती तो बिलासपुर वासियों को पेयजल नहीं मिलता। इस नदी से किसानों को सिंचाई सुविधा मिल रही है। यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं है। यहां के वनोपज से आदिवासियों का जीवन निर्भर है।

मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल मंच पर आने से पूर्व विकास पर आधारित विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विकास धरातल पर उतरनी चाहिए, विकास की रौशनी घर-घर तक पहुंचे। उन्होने जिले वासियों की बहुप्रतिक्षीत मांग एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पेण्ड्रा बायपास की स्वीकृति एक माह के भीतर दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही स्पोर्ट्स काम्पलेक्स की स्वीकृति दिलाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में विस्तरों की संख्या बढ़ाकर 50 बेड करने, मलनिया डेम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, आदिशक्ति दुर्गा मंदिर के विकास के लिए 25 लाख रूपए देने, राजमेर गढ़ को हिल स्टेशन के रूप में विकसित करने की धोषणा की। उन्होने कहा कि गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को पर्यटन जिले के रूप में पहचान दिलाने के लिए पूरी कोशिश होगी। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जयसवाल ने कहा कि आज का दिन जिले वासियों के लिए उत्सव का दिन है। अरपा महोत्सव एक साथ मिल कर उत्सव मनाने का अवसर है। यह जिला अरपा, सोन नदी के उद्गम की जननी है। ये नदियां छत्तीसगढ़ के अलावा कई राज्यों की जीवन दायिनी है। उन्होने कहा कि जिले के विकास के लिए राशि की कमी नहीं होगी। हम सब मिलकर जिले को आगे बढ़ायगें। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों सहित समाज के सभी वर्गो के विकास और कल्याण के लिए गारंटी के साथ विकास की ओर ले जा रहें है। विधायक श्री प्रणव कुमार मरपच्ची ने आज के दिन को गौरवशाली दिन बताते हुए अरपा महोत्सव में पधारे सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। उन्होने कहा कि इस डेढ़ विधानसभा वाले जिले का दायरा बड़ा होना था, मुझे एक विधायक होने पर अकेला महसूस होता है। उन्होने जिले की सीमा बढ़ाने और योजनाओं का विकेंद्रीकरण के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए इसके लिए शासन से निवेदन करने की बात कही। समारोह को कोटा विधायक श्री अटल श्रीवास्तव और युवा, धार्मिक एवं न्याय प्रिय नेता श्री प्रबल प्रताप सिंह जुदेव ने भी संबोधित किया। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने जिले का विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने पर्यटन विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों, अखाद्य बीजों से बायोडीजल संयंत्र की स्थापना, सुगंधित और औषधीय पौधों का रोपण, बैगा विकास के कार्यो तथा प्रशासकीय कामकाज में कसावट के साथ ही पिछले चार वर्षों में हुए महत्वपूर्ण अधोसंरचना विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचने आश्वस्त किया। मुख्य अतिथि ने अरपा महोत्सव में 35 करोड 26 लाख 62 हजार रुपए की लागत के 70 विकास कार्यो का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इनमें 8 करोड़ 90 लाख 91 हजार रूपए की लागत के 50 लोकार्पण और 26 करोड़ 35 लाख 71 हजार रूपए की लागत के 20 भूमिपूजन के कार्य शामिल है।

समारोह में इको पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों कि सुविधा के लिए श्रम विभाग की योजना के तहत 6 पर्यटन समितियों को ई-रिक्शा प्रदान किया गया। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग की योजना के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, मछली पालन विभाग द्वारा जाल एवं आइस बाक्स, कृषि विभाग की शाकंभरी योजना के तहत विद्युत पंप सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामाग्री वितरित किया गया। समारोह स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की गारंटी के साथ डबल इंजन सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना, श्री राम लला दर्शन योनजा, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षित बेरोजगारों के हित में ऐतिहासिक फैसला, तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस बढ़ोतरी आदि की जानकारी के साथ ही एलईडी टीवी स्क्रीन पर योजनाओं-उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। आम लोगों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजानाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। अरपा महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोकगीत-लोकसंगीत पर करमा, शैला नृत्य की प्रस्तुति के साथ ही स्कूली बच्चों और जाने-माने कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। अरपा महोत्सव में जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष श्री अरुण सिंह चौहान, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर अजीत श्याम, सदस्य श्रीमती पुष्पेश्वरी तंवर एवं श्रीमती जानकी सर्राटी, अध्यक्ष नगर पंचायत पेण्ड्रा श्री राकेश जालान, अध्यक्ष जनपद पंचायत पेण्ड्रा श्रीमती आशा बबलू मरावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत गौरेला सुश्री ममता पैकरा, अध्यक्ष जनपद पंचायत मरवाही श्री प्रताप सिंह मरावी, गणमान्य नागरिक श्री कन्हैया राठौर, श्री राकेश चर्तुवेदी, श्री नीरज जैन, श्री लालजी यादव, श्री बृजलाल राठौर, श्री गोपाल अग्रवाल, श्री पवन सुलतानिया, श्री अशोक शर्मा, श्री उत्तम वासुदेव, वनमंडलाधिकारी श्री शशि कुमार, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री केपी तेंदुलकर, एसडीएम मरवाही दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड अमित बेक सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलायी

**बेमेतर।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज 10 फ़रवरी शनिवार को ज़िला स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को कृमिनाशक दवा (एल्बेंडाजोल) का सेवन कराया। कार्यक्रम का आयोजन ज़िला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में आयोजित हुआ। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र, अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी श्रीं युगल किशोर उर्वशा, ज़िला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद्र मिश्रा, ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) श्रीमती लता सहित स्वास्थ्य विभाग,स्कूल प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिका और छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि बच्चों को अच्छी स्वच्छता की आदतें सिखाना महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने नाखून काटने और उन्हें साफ रखने के लिए कहना चाहिए,लंबे नाखून अक्सर विभिन्न प्रकार के जीवाणुओं के लिए आश्रय स्थल के रूप में कार्य करते हैं जो संक्रामक रोगों का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी की आधे से ज्याया जड़ साफ़-सफ़ाई से ना रहना है। इसलिए हम सभी ख़ास कर बच्चों में शुरू से स्वच्छता की आदत डालनी चाहिए। खाने या खाना बनाने से पहले और मिट्टी को छूने या शौचालय का उपयोग करने के बाद अपने हाथ धोएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस देश के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है। यह हर साल दो एनडीडी राउंड के द्वारा से बड़ी संख्या में बच्चों और किशोरों तक पहुंचने वाले सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। बच्चों को हाथ धोने की विधि बतायी गयीऔर साफ़-सफ़ाई से रहने कहा गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये। कलेक्टर विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. चुरेन्द्र ने बताया कि इस बार जिले में 3 लाख 74 हजार 445 बच्चों एवं युवाओं को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। यह दवा वर्ष में 02 बार सेवन कराया जाता है। मितानिनों, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों द्वारा समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 01 से 19 वर्षीय बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमिनाशक दवा की गोली का सेवन कराया जाएगा तथा छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस 15 फ़रवरी को आयोजित किया जाएगा। इस दिन छूटे हुए बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी।

# जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफडी मद को किया जाए उपयोगः केदार कश्यप

**रायपुर।** वन मंत्री की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद सह समीक्षा बैठक वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्ययोजना पर किया गया चर्चावित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्ययोजना पर किया गया चर्चावित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्ययोजना पर किया गया चर्चा

वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि जिन कार्यों में विभागीय बजट का प्रावधान नहीं हो उन जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफडी मद को उपयोग किया जाए। डीएमएफटी मद में स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता में रखा जाए ताकि स्वास्थ्य के लिए बेहतर व्यवस्था किया जा सके। साथ ही उन्होंने नदियों के किनारे विद्युतीकरण, देवगुड़ी जीर्णोद्धार, पंचायतों को सक्षम बनाने की आवश्यकता को जैसे किए जा सकते है। साथ ही डीएमएफडी मद से स्वीकृत अधोसंरचना निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए और जनपद स्तर पर डीएमएफडी मद के कार्यों का विवरण रखा जाए। इसके अलावा राज्य और केंद्र की योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। वन मंत्री श्री केदार कश्यप आज जगदलपुर जिला मुख्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 के डीएमएफटी मद से संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा कि । इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्ययोजना पर चर्चा किया गया। बैठक में विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया गया। बैठक में जगदलपुर विधायक श्री किरण देव ने कहा कि जनप्रतिनिधि-अधिकारी एक दूसरे से समन्वय कर क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देंगे। बस्तर अंचल में विकास कार्यों के तहत मूलभूत संरचना का निर्माण किया जा रहा है इसका लाभ आम नागरिकों मिलेगा। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

# निर्मल आंगनवाड़ी अभियान रश्मी सूर्यवंशी बनी चैम्पियन ऑफ चेंन्ज



**सुकमा।** जिले मे निर्मल आंगनवाड़ी अभियान चलाया गया। जिसमें जिले कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रो मे स्वच्छता से शिक्षा कि ओर का संदेश दिया गया। जिसमे एस्पिरेशनल भारत कॉलेबोरेटिव नीती आयोग के सहयोगी पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आंगनवाड़ी सुपरवाझर,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, सचिव,वार्ड पंच कि दीदियों के साथ मिलकर काम किया गया।

इस अभियान में आंगनवाड़ी केंद्रो को सुशोभित और स्वछ बनाकर बच्चों कि शिक्षा मे सकारात्मकता लाने का प्रयास किया गया है। इस अभियान के माध्यम से आंगनवाड़ी को आदर्श स्वरूप देने के लिए चैम्पियन ऑफ चेंन्ज विकासखंड सुकमा कि रश्मि सूर्यवंशी को बनाया गया। इस संबंध मे हर्षउल्लास के साथ बताया कि उन्हे बचपन से ही कलाकृति करने कि जिन्यास उनके मन मे लगी रहती थी। समय के साथ मैने बहुत स्पर्धाओ मे सहभागी हुई और उसके कारण मुझे गर्वन्वित किया गया था जब भी कूछ व्यक्त करने का मन करता है तो मै अपनी भावनाओ को चित्रो मे उतारणे का कार्य करती थी। इस अभियान के माध्यम मै खुद आंगनवाड़ी केंद्रो को सजाने कि रुची मन मे जागरूक हुआ जिसमे मैने कलर के माध्यम से ,पेपर और टिकाऊ से टिकाऊ वस्तू के माध्यम से कैसे चीजो को बनाकर सजा सखते है इसका आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया। साथ ही 14 आंगनवाड़ी को तैयार किया जिसमे मैने नयी नयी चीजो को सिखा और अपने बचपन के सपने को एक बार फिर मैने जिया 20 साल के बाद बचपन से अभी तक के इस सफर को मैने फिर से जिंदा किया और फिर एक बार उसे जिने कि कोशिश कि इस दरम्यान मुझे बहुत संतृष्टी प्राप्त हुआं कि मैने अपने अदर कि कृती को बाहर निकालकर बच्चो शिक्षा मे मै योगदान दे पायी। मेरे इस कार्य के पिछे पिरमल टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मेरे इस कार्य के दरम्यान मेरे पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी प्रेरित हुए और इस अभियान के कार्य को देखते हुए जिला आधिकारी खुश होकर महिला बाल कल्याण विभाग,जिला पंचायत विभाग ने इसकी निव भरी और हर मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्रो मे निर्मल आंगनवाड़ी दिवस सफलतापुर्वक मनाया जाएगा।

# सुदूरवर्ती ग्राम पूवर्ती में सोलर पावर प्लांट एवं सोलर हाई मास्ट की स्थापना प्रारंभ



**रायपुर।** एल.डब्लू.ई. जिला सुकमा का ग्राम पूवर्ती ऐसे क्षेत्र में स्थित है, जो कि काफी संवेदनशील होने के साथ ही काफी दुर्गम भी है। राज्य में नवगठित सरकार द्वारा सतत् रूप से इन क्षेत्रों के बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा जिला सुकमा के भ्रमण के दौरान सुदूरवर्ती ग्राम पूवर्ती में स्थित पुलिस बेस कैम्प का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान वहां उपस्थित कर्मचारियों द्वारा पुलिस बेस कैम्प में सुरक्षा संबंधी उपायों के लिए सोलर हाई मास्ट एवं सोलर पावर प्लांट संयंत्रों की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को इन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु क्रेडा एवं जिला प्रशासन सुकमा को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशानुसार क्रेडा द्वारा जिला प्रशासन से समन्वय कर तत्काल ग्राम पूवर्ती के बेस कैम्प में 'नियद नेल्ला नार योजना' अंतर्गत 4.8 किलोवॉट एवं 1.2 किलोवॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट तथा 01 नग सोलर हाई मास्ट संयंत्र का स्थापना कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शासन की इस पहल से अब ग्राम में सुरक्षा के लिए स्थापित एवं संचालित पुलिस बेस कैम्प में 24 घन्टे बिजली तथा रात्रि में निर्बाध रूप से प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध रहेगी, जिससे अब रात्रि के समय सुरक्षात्मक गतिविधियों में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी होगी। शासन के द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही से ग्राम के रहवासी तथा पुलिस बेस कैम्प में काफी हर्ष व्याप्त है, संयंत्रों के स्थापना हेतु ग्रामीणों तथा पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# कलेक्टर व एसपी ने हेलमेट पहने चालकों का गुलाब फूल देकर किया सम्मान

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह की उपस्थिति में आज मनेंद्रगढ़ जिले के खेड़िया चैक पर 34 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निमेष बरैया एवं एसडीओपी श्री ए. टोप्पो के मार्गदर्शन में जिले में 34 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 15 जनवरी 2024 से 15 फरवरी वर्ष 20224 तक जिला के समस्त थाना चैकी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों चैक-चैराहों पर जन जागरूकता अभियान चलाकर यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। जिले में आज 34 वॉ राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह का समापन समारोह का कार्यक्रम थाना सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ से प्रारंभ कर सभी पुलिसकर्मियों द्वारा हेलमेट पहनकर, बाईक रैली कर लोगों को यातायात संबंधी आवश्यक समझाईश देते हुए खेडियों चैक पहुंचकर रैली का समापन किया गया। खेड़िया चैक पर आयोजित शिविर में वाहन चालकों का नेत्र जाँच, बीपी व शुगर जांच, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ के चिकित्सकों के टीम के द्वारा किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने नागरिकों से आव्हान किया है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यह जरूरी है। अपनी सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात नियमों का पालन करें तथा सावधानी एवं सजगता के साथ वाहन चलायें। जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने को अपनी आदत में शामिल करें। पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने सभी नागरिकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए आज बाईक रैली निकाली गई है। जिले के सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस रैली में भाग लिया है। जिससे एक अच्छा संदेश नागरिकों को दिया गया कि कि हेलमेट लगाने से जान बचाई जा सकती है।

# धूप अगरबत्ती की खुशबू से महका महानदी का तट

**महासमुंद।** सिरपुर महोत्सव में पहली बार चित्रोतप्ला गंगा आरती की शुरुआत हुई है। रविवार शाम प्रशासनिक अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि गंगा आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर दीपदान भी किया। धूप और अगरबत्ती की खुशबू से महानदी का पवित्र तट महक उठा साथ ही दीपदान से तट जगमगा उठा।

गंगा आरती में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी श्री उमेश साहू, श्री रेखराज शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री हरिशंकर पैकरा, जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

वहीं स्थानीय कार्यक्रमों में आदिवासी छात्रावास सिरपुर की बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत और संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात मुंबई से पहुंचे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा महाभारत के गीता का सार की संगीतमय प्रस्तुति हुई। आकर्षक वेशभूषा और साज-सज्जा के साथ गीता की नृत्य नाटिका शैली में प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध बाल कलाकार एवं लोक गायिका आरु साहू की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# फायर केस से बचाव के लिए वन विभाग चेक लिस्ट का करायें सत्यापन-कलेक्टर

## ग्रीष्म ऋतु में जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था करें सुनिश्चित

**रायगढ़।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वन विभाग, सहकारिता एवं अपेक्स बैंक की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जंगलों में लगने वाले आग पर नियंत्रण पाने हेतु डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स से समन्वय करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वन विभाग द्वारा किए जाने वाले विभागीय फायर चेक लिस्ट का विभागीय अमले द्वारा सत्यापन कराने के निर्देश दिए। ताकि आग लगने की स्थिति में आसानी से काबू किया जा सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत उपस्थित रहे।

डीएफओ धरमजयगढ़ ने कलेक्टर श्री गोयल को पालन प्रतिवेदन के तहत जानकारी देते हुए बताया कि धरमजयगढ़ में मछली पालन हेतु समिति का चयन किया गया है लेकिन वहां तालाब नहीं है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने मनरेगा के तहत तालाब निर्माण हेतु आवश्यक कार्य योजना बनाने की निर्देश दिए, ताकि बिरहोर एवं आदर्श ग्राम के समितियां द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा सके। इस दौरान उन्होंने नरवा विकास कार्य प्रगति की जानकारी दी। कलेक्टर श्री गोयल ने नरवा विकास के शेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने किसान वृक्ष मित्र योजना में अन्य विभागों से चिन्हांकित बड़े किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। डीएफओ धरमजयगढ़ ने बताया कि कैम्पा योजना अंतर्गत सड़क किनारे, नदी किनारे, ब्लॉक में वृक्षारोपण के लिए परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर स्थल का सर्वे कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार योजना अंतर्गत नर्सरी में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही वन अपराध एवं अतिक्रमण पर लगातार कार्यवाही जारी है। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु क्रेता की नियुक्त हो चुकी हैं। तेंदूपता संग्रहण हेतु शाखाकर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था, जिसे बेहतर क्वालिटी के तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जा सके। उन्होंने बताया कि लघु वनोपज का संग्रहण में शहद, साल बीज, रागी, कोदो का संग्रहण किया जाना है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रागी के लक्ष्य पर फोकस कर कार्य करने के निर्देश दिए। डीएफओ धरमजयगढ़ ने बताया कि वन मंडल में माहुल पत्ता एवं सवई घास प्रसंस्करण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने डीएफओ धरमजयगढ़ को ग्रीष्म ऋतु में वन्य प्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में वन्य प्राणियों के शिकार से रोकथाम हेतु नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ धरमजयगढ़ को क्षेत्र में विलेज टूरिज्म के नए अवसर ढूंढने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में पंजीकृत समितियां की जानकारी ली। उन्होंने अकार्यशील समितियां के परिसमापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकारी समितियों के अंकेक्षण कार्यों की जानकारी लेते हुए, अंकेक्षण हेतु शेष समितियों के कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अपेक्स बैंक की समीक्षा करते हुए ऋण, बीज, उर्वरक वितरण की जानकारी ली तथा धान उठाव के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए

## एलईडी वैन व कला जत्था के माध्यम से शासन की योजनाओं की दी जा रही है जानकारी



**बलरामपुर ।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को सीधे तौर पर जोड़ने के लिए गांव-गांव में जाकर सरकार की योजनाओं की जन जन तक पहुंचाने जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वैन तथा कला जत्था के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

इसके माध्यम से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कला जत्था दल के कलाकारों द्वारा रोचक ढंग से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगो को दी जा रही है और लाभ लेने प्रेरित भी किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विकासखण्ड बलरामपुर के जनपद पंचायत बलरामपुर एवं विकासखण्ड राजपुर के ग्राम पंचायत सिंगचौरा में एलईडी वैन तथा कला जत्था दल पहुंचकर शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने एलईडी के माध्यम से सरकार द्वारा योजनाओं के विषय में चलाई गई लघु फिल्म को देखा, जिसे लेकर सभी में बेहद उत्साह देखने को मिला।

ज्ञात हो कि सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कला जत्था की टीम और एलईडी वैन से प्रारंभ किया गया है। यह वैन जिले के सभी विकास खंडों और गांवों में शासन की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सुदूर अंचल ग्रामों का भ्रमण करेगी। ताकि योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में मिल रही विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी

## मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन थीम पर लगाया गया है प्रदर्शनी

गरियाबंद । राजिम कुंभ कल्प 2024 मेला में लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी से मेला आगंतुकों को एक ही जगह पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल और सुलभ तरीके से मिल रही है। प्रदर्शनी को मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया है। जिससे मेला आने वाले लोग प्रदर्शनी डोम में प्रवेश कर विभिन्न योजनाओं के जानकारी युक्त डिस्प्ले को देख रहे है। साथ ही प्रदर्शनी स्थल में बड़ी एलईडी डिस्प्ले भी लगाई गई है। जिसमे वीडियो के रूप में योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है।

जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी स्थल में प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय के छायाचित्र के साथ फोटो खींचाकर तत्काल निशुल्क मोबाइल में प्राप्त करने की भी सुविधा उपलब्ध है। लोग बड़ी संख्या में आकर योजनाओं की जानकारी लेने के साथ पीएम और सीएम के साथ फोटो खिंचवा रहे है। मेला आगंतुक प्रदर्शनी स्थल में शासन द्वारा 18 लाख परिवारों के आवास स्वीकृति, महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता, रामलला दर्शन योजना, तेंदूपत्ता का खरीदी दर 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा, 50 लाख से अधिक नल जल कनेक्शन, युवा शक्ति को शासन द्वारा पुलिस भर्ती में दिए गए आयु सीमा में छूट एवं सीजीपीएससी में अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई जांच का निर्णय आदि योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे है।

राजिम कुंभ कल्प में देशभर से साधु संतो का आगमन शुरू हो गया है। आगंतुक संतजन मेला स्थल का भ्रमण करने के साथ जनसंपर्क प्रदर्शनी स्थल तक भी पहुंच कर शासकीय योजनाओं की जानकारी ले रहे है। साथ ही राजिम मेला को पुनः राजिम कुंभ कल्प के रूप में आयोजन करने के लिए सरकार की प्रशंसा भी कर रहे है। इसी तारतम्य में सिद्धिविनायक आश्रम से आए साधुओं ने प्रदर्शनी स्थल में आकर योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा भी की। इसी प्रकार रानीपरतेवा से आए ग्रामीण श्री मिथलेश सेन ने शासन द्वारा 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। उनके परिवार के रहने के लिए पक्का आवास बन चुका है।

### बच्चों की परीक्षा को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2024 आगामी 01 मार्च 2024 से दिनांक 23 मार्च 2024 तक प्रातः 9 बजे से 12ः15 बजे तक जिला बेमेतरा के कुल 77 केन्द्रों में परीक्षा संपन्न होगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने शालेय परीक्षा को ध्यान में रखते हुए बेमेतरा जिला सीमा क्षेत्र में तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग तथा कोलाहल का प्रतिषेध एवं मोटरयान के विद्युत हार्न को लोकहित प्रतिबंधित कर दिया है।

'कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत् प्रातः 6 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग एवं कोलाहल पर प्रतिबंध लगाया गया है। विशेष परिस्थितियों में संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति से धीमी आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जा सकेगा। रात्रि 10ः00 बजे से प्रातः 06ः00 बजे तक माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस आशय के आज आदेश जारी कर दिये है।

## बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने युवा संसद का आयोजन

**बिलासपुर।** स्कूली विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास और उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचित कराने युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन 16 फरवरी को सुबह 9 बजे से व्यापार विहार स्थित - त्रिवेणी भवन में किया जा रहा है। इसमें संभाग से लगभग साढ़े तीन सौ छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। अलग-अलग जिलों के बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल होकर सदन का हिस्सा बनकर लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली की जानकारी लेंगे इसके लिए बकायदा स्कूलों में उनकी तैयारी करवाई गई है ।

जिस प्रकार भारतीय संसद में कार्य होता है उसी प्रकार इस कार्यक्रम की भी रूपरेखा तैयार की गई है जिसमे 20 मिनट का प्रश्नकाल व शेष 30 मिनट शपथ ग्रहण, नए मंत्री का सदन से परिचय, विशेषाधिकार हनन, राज्य सभा से संदेश, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विधेयक संकल्प- प्रस्ताव पर चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, मत विभाजन आदि प्रक्रियाओं का प्रदर्शन आदि के लिए रखा गया है । युवा संसद की भाषा प्रतिभागी विद्यार्थी इच्छानुसार हिन्दी अथवा अंग्रेजी का उपयोग कर सकते हैं। शपथ ग्रहण के लिए भारतीय संविधान की आठवीं सूची में उल्लेखित भाषाओं में से किसी एक का प्रयोग किया जा सकता है। स्पीकर की भूमिका निभाने वाले विद्यार्थी को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाएं आनी चाहिए।

प्रतियोगिता में पक्ष-विपक्ष का मूल्यांकन 100 अंकों का होगा। सबसे ज्यादा अंक हासिल करने वाली टीम को विजेता माना जाएगा। निर्णायक मंडल समिति द्वारा अनुशासन एवं मर्यादा पर 10 अंक, संसदीय प्रक्रियाओं के पालन पर 20 अंक, प्रश्नों एवं अनुपूरक प्रश्नों के लिए विषय चयन व उत्तर की गुणवत्ता पर 20 अंक, वाद-विवाद के विषयों के चयन पर 10 अंक, भाषा की गुणवत्ता एवं वाद-विवाद के स्तर पर 30 अंक और संपूर्ण प्रदर्शन के सामान्य मूल्यांकन पर 10 अंक निर्धारित किए गए हैं। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त वाले दल को सामूहिक ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ स्पीकर, मंत्री की भूमिका, सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता, वक्ता पक्ष एवं विपक्ष को ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## किसानों ने दलहनी एवं तिलहनी अंतर्गत मसूर, अलसी एवं सरसों का किया फसल प्रदर्शन

बेमेतरा । कृषि तकनीक अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, जबलपुर द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के द्वारा रबी फसलों के उन्नत किस्मों एवं फसल उत्पादन की उन्नत कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिये बेमेतरा जिला के कृषकों के प्रक्षेत्र में दलहनी एवं तिलहनी फसलों के अंतर्गत मसूर, अलसी एवं सरसों फसल का समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन लिया गया है। बेमेतरा जिला में संचालित उक्त फसल प्रदर्शन के निरीक्षण हेतु निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा चार सदस्यीय वैज्ञानिकों के निरीक्षण दल का गठन किया गया था। इस निरीक्षण दल के टीम लीडर व प्रोफेसर डॉ. पी. के. चंद्राकर ने विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. ए. के. वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश बनवासी एवं वैज्ञानिक डॉ. डी. पी. पटेल तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री तोषण कुमार ठाकुर एवं वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश कुमार कुलमित्र के साथ



नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचभैया, आमचो, नांदल एवं विकासखंड बेमेतरा के ग्राम पंडरभट्ठा में कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के तकनीकी मार्गदर्शन में लगाये गये मसूर, सरसों एवं अलसी फसल के समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन के हितग्राही किसानों की उपस्थिति में निरीक्षण किया एवं किसानों से उनकी प्रतिक्रिया (फिडबैक) लिया। किसानों से चर्चा के दौरान निरीक्षण दल के वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के द्वारा किसानों के प्रक्षेत्र में संचालित समूह अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन का उपस्थित किसानों एवं निरीक्षण दल ने सराहना करते हुए आगामी ग्रीष्मकालीन एवं खरीफ फसलों के समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन अंतर्गत किसानों की रूचि एवं जलवायु परिवर्तन के फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए उन्नत किस्मों को प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल करने हेतु अपना सुझाव भी दिया।

# मुख्यमंत्री ने सुकमा के 50 विद्यार्थियों को सोलर होम लाइट संयंत्र का किया वितरित

**सुकमा।** सरकार की जनता के प्रति संवेदनशीलता हर दिन के कार्यकलापों की बारीकियों में दिखती है। जब सुकमा जिले के कोंटा गांव से आए स्कूली बच्चे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मिले तो उन्होंने बच्चों को सोलर होम लाइट उपहार में दिए।

ये बच्चों के जीवन में शिक्षा का उजियारा फैलाएंगे और बच्चों को तकनीक से जुड़ने की सीख भी देंगे कि कैसे उनकी प्राकृतिक दुनिया के साथ ही आधुनिक दुनिया भी चमत्कार से भरी है दोनों से सीखते चलें तो उज्वल भविष्य का रास्ता स्वत: खुलता जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल परिसर में सुकमा के सुदूर अंचल के 50 विद्यार्थियों को सोलर होम लाइट संयंत्र का वितरण किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो। बस्तर का पूर्ण विकास हमारी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर के आदिवासी अंचल के नागरिकों को सभी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। बस्तर के विकास के लिए हमने नियद नेल्ला नार- आपका अच्छा गांव योजना शुरू की है। इस योजना का मकसद है की शासन के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ आदिवासी अंचल में रह रहे लोगों को सुगमता से मिले। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ये बातें आज यहां राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल परिसर में सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड से राजधानी रायपुर भ्रमण पर आए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सुकमा जिले 50 विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्य हेतु सोलर होम लाइट संयंत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि बस्तर के लोगों को अच्छी सड़क, बिजली,पेयजल और पक्का आवास मिले। उनके पास बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हो। बच्चों के पढ़ने के लिए अच्छे स्कूल हों। सभी का आधार कार्ड और राशन कार्ड बने, ताकि दूरस्थ क्षेत्र में रह रहे हमारे आदिवासी भाई-बहन भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। बस्तर क्षेत्र के विकास से ही हम एक विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण कर सकते हैं।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुकमा से आए विद्यार्थियों को सोलर लाइट संयंत्र प्रदान करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सोलर लाइट के प्रकाश से आप सभी बेहतर ढंग से पढ़ाई कर पाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके राजधानी रायपुर भ्रमण के अनुभव भी जाने। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई विद्यार्थियों को पहली बार बस्तर से बाहर देश-दुनिया देखने का अवसर मिला है। इस मौके का पूरा लाभ उठाकर सीखने का प्रयास करें।

सुकमा जिले के विद्यार्थियों को उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भी संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं हम उपलब्ध कराएंगे।आप यहां से राजधानी रायपुर भ्रमण के नए अनुभवों को साथ लेकर जाएंगे। घर जाकर अब सोलर लाइट के उजाले में खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। आपको बेहतर भविष्य देना ही हमारा लक्ष्य है।

उल्लेखनीय है कि आज बस्तर के सुकमा जिले के सुदूर अंचल में स्थित कोंटा विकासखंड के ग्राम पुवर्ती, सिलगेर और टेकलगुड़ा के 50 विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्य हेतु क्रेडा द्वारा प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर होम लाइट संयंत्र का वितरण मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किया। इस सोलर होम लाइट संयंत्र में 200 वाट का एक सोलर पैनल, 12.28 वोल्ट की बैटरी, 5 एलईडी लाइट, एक डीसी पंखा, एक डीटीएच और एक मोबाइल चार्ज शामिल है।

इस अवसर पर जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंहदेव, श्री नितिन नबीन सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। साथ ही मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी दयानन्द, क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेश सिंह राणा, रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# आवास निर्माण के लिए 11.98 करोड़ की मंजूरी

रायपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का छत्तीसगढ़ में तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के कबीरधाम जिले में इस योजना में बैगा परिवारों के लिए 3554 आवासों की स्वीकृति दी गई है, इनमें 2996 पक्के आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11 करोड़ 98 लाख रूपए जारी की गई है।

कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला में 179 और पंडरिया के 77 गांवों में बैगा परिवारों की बाहुलता है। इन परिवारों के लिए बोड़ला विकासखण्ड में 2081 और पंडरिया विकासखण्ड में 1474 आवासों की स्वीकृति दी गई है। बैगा परिवारों को प्रथम चरण में 2996 आवासों आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रूपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा योजना में इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा परिवारों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की राशि 4 किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त आवास शुरू करने के लिए 40 हजार रूपए, दूसरी किस्त कुर्सी स्तर पर होने पर 60 हजार रूपए, तीसरी किस्त आवास की ढलाई पर 80 हजार रूपए और आवास पूरा होने पर 20 हजार रूपए दी जाएगी। इसके अलावा महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 95 दिनों का मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

# फातिमा बेगम को टपकती छत से मिली मुक्ति

**रायपुर।** श्रीमती फातिमा बेगम को मिला खुद का अपना सुंदर आशियाना। खुद के सपने पूरे होते हैं तो मन को एक सुकुन मिलता है। आज बेटे बहु और भरे पूरे परिवार के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले पक्के मकान में अच्छे से रहते हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम रामगढ़ की 62 वर्षीय वृद्धा फातिमा बेगम को छत्तीसगढ़ शासन ने पक्का मकान बनाकर दिया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत उनके मकान में शौचालय की भी सुविधा उपलब्ध करा दी है। समाज कल्याण विभाग से हर माह 350 रूपए का पेंशन मिलता है। साथ ही उचित मूल्य दुकान के माध्यम से चावल भी समय पर मिल जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रशासन ने मुझे मकान, पेंशन, राशन की सारी सुविधा उपलब्ध करा दी है। उन्हें जीविका उपार्जन में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आ रही है।



श्रीमती फातिमा बेगम ने बताया कि पहले मैं और मेरे पति जीवनभर मजदूरी करके जीवन यापन करते थे। बेटा बहू भी मजदूरी करते है। बड़ी मुश्किल से मिट्टी के कच्चे मकान में रहते थे। पक्के मकान का सपना देखना छोड़ दिये थे। हमने कभी सोंचा भी नही था कि हमारा खुद का पक्का मकान बनेगा। आकाश में बादल छाते ही धड़कने तेज होने लगती थी। कच्चे मकान में जगह-जगह पानी टपकता था और पूरा फर्श गिला हो जाता था। कई बार तो सोने के लिए जगह ही नहीं बचती थी। पक्का मकान मिलने से छत से पानी टपकने की समस्या से निजात मिल गयी है। उन्होंने कहा कि बहुत-बहुत भला हो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का जिन्होंने हमें पक्का मकान बनाकर दिया। अब अपने पक्के मकान में परिवार के सभी सदस्य चैन की नींद सोते हैं। उन्होंने कहा कि अब मेहनत का काम नहीं करती है। चुड़ियां बेचकर भी अच्छी आमदनी हो जाती है।

# मंत्री राजवाड़े ने देर रात तक सुनी महिलाओं की समस्याएं

**रायपुर।।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़ेमहिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़ेमहिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने आवास कार्यालय में देर रात तक महिलाओं की समस्याएं सुनी। उन्होंने महिलाओं को यथासंभव समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े से मिलने



दूरस्थ वंनाचल क्षेत्र दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार सहित रायपुर जिले से महिलाएं, महिला समूह की सदस्य और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे थे। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़ेमहिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार महतारी वंदन योजना के रूप में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पूरी करने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन महिलाओं के खाते में योजना के तहत राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर मिलने आ रहे हैं। उन सबकी समस्याओं के निराकरण का पूरा प्रयास किया जा रहा है। समूह की महिलाओं से मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि अपने समूह को मजबूत बनाएं। समूह के सशक्त होने से उन्हें नियमित काम मिलते जाएगा। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़ेमहिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री श्रीमती राजवाड़े का दंतेवाड़ा जिले से मिलने पहुंची समूह की महिलाओं ने आभार व्यक्त करते हुए रेडी-टू-ईट बनाने का काम शीघ्र दिलाने का निवेदन किया।

## ब्रह्मा भोजन के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों के अतिथि बने मुख्यमंत्री



**रायपुर।** शांति सरोवर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ब्रह्माभोजन के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों के अतिथि बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर साल बड़े स्नेह से ब्रह्माकुमारी बहनें विधानसभा के सभी सदस्यों को ब्रह्म भोजन कराती हैं। यह बड़ी सुंदर परंपरा है। बहनों के स्नेह से हम अभिभूत हैं। राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शांति सरोवर द्वारा आयोजित स्नेह मिलन एवं ब्रह्मा भोजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित कैबिनेट मंत्रीगण और सभी विधायकगणों ने पवित्र ब्रह्मा भोजन का आनंद लिया।

मुख्यमंत्री और सभी अतिथियों ने इंदौर क्षेत्र की पूर्व निदेशिका स्वर्गीय कमला दीदी के स्मारक पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आपकी संस्था अनेक जनकल्याणकारी कार्यों को संचालित कर समाज में जनजागृति लाने का काम कर रही है। इसका असर समाज के सभी वर्गों पर पड़ा है। महिलाओं को आपने आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में भी आपके द्वारा जो सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में कार्य किया गया है। इससे यहां के लोगों को काफी लाभ मिला है।

कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुख्यमंत्री सहित विधानसभा के सभी सदस्यों को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू आने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए वहां आने की सहमति दी।विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि शांति सरोवर आने से शांति की अनुभूति होती है। मन में स्वत: ही अच्छे विचार आते है। उन्होंने कहा कि विधानसभा आते जाते समय जैसे ही यहां से गुजरते हैं, मन पवित्र हो जाता है। डॉ सिंह ने शांति सरोवर आमंत्रित करने और पवित्र भोजन के लिए दीदियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंहदेव, श्री धरमलाल कौशिक सहित विधायक गण, गणमान्य नागरिक शामिल हुए और ब्रह्म भोजन ग्रहण किया।

# पिछड़ी जनजातियों की बदलेगी तस्वीर विशेष पिछड़ी जनजातियों



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तैयार किये गये बजट में विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट प्रावधान से छत्तीसगढ़ में रह रहे बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, बैगा, कमार और अबूझमाड़िया लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। घास-फूस के घरों की जगह वे पक्के घरों में रह सकेंगे। पेयजल की अच्छी सुविधा होगी। अभी अधिकांश विशेष पिछड़ी जनजाति की बस्तियों में पानी दूर से लाना होता है। कई बार इस जनजातीय समुदाय के लोग झिरिया आदि से पानी पीते हैं। अशुद्ध पेयजल की वजह से बीमारियां पनपती हैं।

देश में पहली बार इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से शुरू की थी। छत्तीसगढ़ में इस योजना पर तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस पर सीधी नजर रख रहे हैं। बीते माह मुख्यमंत्री ने रायगढ़ जिले में बिरहोर बस्तियों का दौरा भी किया। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की स्थिति देखी। मुख्यमंत्री ने इन बस्तियों में रहने वाले लोगों से संवाद भी किया। इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को योजनाओं का लाभ मिलते रहे, इसके लिए लगातार कैंप लगाये जा रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध हो जाने से अब इन इलाकों में तेजी से विकास हो सकेगा। यह योजना इसलिए भी आवश्यक थी क्योंकि इन जनजातियों का भौगोलिक परिवेश बहुत कठिन है। जहां पर बस्तियां बसी हैं वहां तक पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा पाना तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं दे पाना चुनौती होती थी लेकिन मुख्यमंत्री श्री साय के दृढ़ संकल्प के आगे रास्ता आसान हो गया है।

जनमन योजना के माध्यम से न केवल बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं अपितु इनके लिए रोजगार के अवसर भी इसके माध्यम से सृजित किये जा रहे हैं। सरगुजा और बस्तर की ओर फोकस की सरकार की नीति भी इन अवसरों को बढ़ाने की दिशा में काफी उपयोगी होगी। स्थानीय उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर इन जनजातियों के लिए रोजगार सृजन हो सकेगा। इन योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने के लिए जनमन मित्र तथा सखी विशेष रूप से उपयोगी साबित हुए हैं। वे घर-घर जाते हैं पीवीटीजी से उनकी भाषा में बात करते हैं। सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हैं और फार्म भी भरवाते हैं। इसके बाद वे प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से इन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को देना सुनिश्चित कराते हैं।

## स्कूली छात्र-छात्राओं को कराया गया एक्सपोजर विजिट...




**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही ।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिले के सेकेण्डरी स्तर के 110 स्कूली छात्र-छात्राओं को कानन पण्डारी जू पार्क, बिलासपुर का एक्सपोजर विजिट कराया गया। एक्सपोजर विजिट के लिए आज सुबह 8 बजे कलेक्ट्रेट से बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.के. शास्त्री, सहायक जिला परियोजना अधिकारी श्री लखन लाल जाटवर और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पेण्ड्रा आर.एन. चन्द्रा मौजूद रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और भाईचारे की भावना का विकास करने के उद्देश्य से यह एक्सपोजर विजिट कराया गया। विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने लगभग 70 प्रजातियों के वन्यजीवों एवं पशु पक्षियों को देखा। नोडल अधिकारी श्री मुकेश कोरी ने बताया गया कि जू में वन्यजीवों एवं पशु पक्षियों को देखकर विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारियां मिली। विजिट में विद्यार्थियों के लिए भोजन एवं स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी।

## मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण महत्वपूर्ण, समन्वय से करें कार्य-कलेक्टर

**रायगढ़।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण महत्वपूर्ण है, इसे बेहतर करने महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वय करते हुए कार्य करें। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के सेहत के लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस हर 15 दिवस में आयोजित करें, जिससे गर्भवती, शिशुवती माताओं एवं कुपोषित बच्चों को ट्रेस कर लाभान्वित कर सके। उक्त बातें कलेक्टर श्री गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक में कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री गोयल ने महिला एवं बाल विकास के कार्यों की परियोजनावार गहन समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं में मातृत्व एवं शिशु के पोषण, स्वास्थ्य काफी महत्वपूर्ण हैं, योजनाओं का सही क्रियान्वयन आवश्यक हैं। जिससे जिले में मातृत्व सुरक्षा, पोषण सुनिश्चित हो और जच्चा-बच्चा स्वस्थ हो। कलेक्टर श्री गोयल ने निर्देशित किया की शत-प्रतिशत कुपोषित बच्चों को एनआरसी का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने सुपरवाइजरों को कुपोषित बच्चों के परिजनों को एनआरसी में भर्ती करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीपीओ एवं सीएमएचओ को एनआरसी में सीसीटीवी कैमरे का ब्रॉडकास्ट के निर्देश दिए, ताकि बेहतर ढंग से मॉनिटरिंग किया जा सके।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा की एनआरसी में शत-प्रतिशत बेड भरे होने चाहिए। उन्होंने दोनों विभागों को ग्राउंड लेवल पर मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बेहतर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के चेकअप एवं टीकाकरण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने बाल संदर्भ योजना में अधिक से अधिक कैंप लगाकर कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया की उप स्वास्थ्य केंद्रो में संस्थागत प्रसव में वृद्धि करें करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि महिलाओं के पोषण एवं शिशु के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर महिलाओं पहले बच्चे पर 5 हजार एवं दूसरी संतान में सिर्फ बेटी होने पर 6 हजार रुपए प्रदान किया जाता है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।



# मुख्यमंत्री ने विधानसभा में की बड़ी घोषणा

## माओवादी आतंक प्रभावित क्षेत्र के नये 14 कैंपों की 5 किलोमीटर की परिधि के गांवों में लागू होगी 'नियद नेल्लानार योजना

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा में माओवादी आतंक प्रभावित क्षेत्रों के गांवों के लिए 'नियद नेल्लानार योजना' अर्थात 'आपका अच्छा गांव योजना' प्रारंभ करने की बड़ी घोषणा की। इस योजना के तहत माओवादी आतंक प्रभावित क्षेत्रों में प्रारंभ किए गए 14 नये कैंपों की 5 किलोमीटर की परिधि के गांवों में 25 से अधिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही इन गांवों के ग्रामीणों को शासन की 32 व्यक्तिमूलक योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। नए कैम्प पुलिस का ही नहीं विकास का भी कैम्प होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस योजना के लिए 20 करोड़ रूपए के अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया गया है, यदि भविष्य में केन्द्र एवं राज्य से और बजट की आवश्यकता होती है तो राज्य सरकार वह भी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। योजनाओं के सतत लाभ के मूल्यांकन और मानिटरिंग के लिए डैश बोर्ड तैयार किया जा रहा है जिसके माध्यम से इसकी सतत समीक्षा की जाएगी और सुनिश्चित किया जावेगा कि कोई भी परिवार इस योजना का लाभ उठाने से वंचित न रह पाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने नियद नेल्लानार योजना के संबंध में कहा कि इन गांवों के तेजी से आर्थिक विकास के लिए यह योजना तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन गांवों के निकट 14 नये कैंप खोले गये हैं ताकि सुरक्षा व्यवस्था हो और ग्रामीणों को शासन की 32 व्यक्तिमूलक योजनाओं के सेचुरेशन के साथ लाभ दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गांवों के निकट 14 नये कैंप खोले गये हैं। वहां 5 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले लोगों को विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए लागू की गई पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों को मिलने वाली सुविधाएं जैसे ही सुविधाएं दी जाएंगी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री श्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन गांवों की मूलभूत आवश्यकता की दृष्टि से अधोसंरचना विकास एवं परिवारों के सम्यक विकास हेतु कार्रवाई की जाएगी। इन ग्रामों में सभी परिवारों को विशेष पिछड़ी जनजाति के समान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास सुविधा, सभी को राशन कार्ड, सभी को मुफ्त चावल, चना-नमक, गुड़ और शक्कर, उज्ज्वला योजना के तहत 4 मुफ्त गैस सिलेंडर, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक शाला, किसानों को सिंचाई हेतु बोरवेल सहित सिंचाई पम्प, हैंड पंप, सोलर पंप, हर ग्राम में खेल मैदान, मुफ्त बिजली, बैंक सखी, एटीएम, कौशल विकास, वन अधिकार पट्टा, मोबाईल टावर, डीटीएच एवं टीवी, हेलीपैड तथा ब्लाक मुख्यालय तक बस सुविधा जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सभी ग्रामों को बारहमासी सड़क से जोड़े जाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

योजना के क्रियान्वयन के लिए इन ग्रामों में जनसुविधा शिविर में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा स्थल पर ही इसका निराकरण किया जाएगा। यदि भविष्य में केन्द्र एवं राज्य से और बजट की आवश्यकता होती है तो सरकार वह भी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्व मंत्री व विधायक श्री कवासी लखमा ने मुख्यमंत्री की इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि इस योजना से बस्तर के आदिवासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर सड़क और गांव का विकास नहीं हुआ है इस योजना में उस ओर भी ध्यान दिया जाएगा।

# शालाओं और प्रशासन के मध्य ओपन लिंक्स फाउंडेशन का हुआ करार

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन स्कूलों के शिक्षकों और अधिकारियों के माध्य बेहतर समन्वय के उद्देश्य से दंतेवाड़ा जिला प्रशासन और ओपन लिंक्स फाउंडेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस संबंध में शिक्षा में नवाचार लाने, शिक्षकों के कार्य को सुविधाजनक बनाने, शैक्षिक कार्यों तथा शिक्षकों की नई गतिविधियों को साझा करने और शिक्षकों को शैक्षिक सहायता प्राप्त करने के लिए ''विनोबा ऐप'' सक्रिय किया गया है।

इसके अंतर्गत शिक्षकों के काम को सरल बनाकर और उनका समय बचाकर सीखने के परिणामों में बड़े पैमाने पर सुधार एवं लक्ष्य हासिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम शिक्षकों को अपने स्कूलों की सर्वोत्तम गतिविधियों को एक-दूसरे के साथ साझा करने के लिए मंच प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नियमित रूप से ब्लॉक एवं जिला स्तर पर शिक्षकों द्वारा किये गये अच्छे कार्यों की सराहना कर उन्हें सम्मानित करने में सहायक होगी और इस पहल से जिला प्रशासन को निपुण भारत,नवजतन और उत्कृष्ट 10वीं और उत्कृष्ट 12वीं जैसे प्रमुख शिक्षण कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने में मदद होगी।

इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले के सभी विकासखण्ड में ''विनोबा ऐप'' के पंजीकरण और उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है। 22 फरवरी को इस प्रशिक्षण में दंतेवाडा जिले के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, संकुल केंद्र प्रमुख, संसाधन व्यक्ति शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में 100 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण, कार्यशाला में दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजकुमार कठौते , जिला परियोजना समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक, खण्ड शिक्षा अधिकारी ,सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक ,संकुल समन्वयक तथा ओपन लिंक्स फाउंडेशन-विनोबा टीम से, विश्वजीत पवार, हेमन्त साहू और दिनेश साहू उपस्थित थे।

# विष्णु सरकार के फैसलों से किसानों के खिले चेहरे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ द्वारा मात्र दो माह की अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में लिए गए फैसले से राज्य भर के किसान बेहद खुश है। उनके चेहरे खिल गए है और मन में एक नई उम्मीद जागी है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान होने से खुश किसानों के संगठन और समूहों द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उनके सहयोगी मंत्रीगणों का जगह-जगह स्वागत-अभिनंदन किया जा रहा है। किसान समूहों द्वारा मुख्यमंत्री के स्वागत अभिनंदन का ऐसा ही नजारा बीते दिनों राज्य के सुदूर वनांचल के जिला मुख्यालय नारायणपुर में देखने को मिला।



मुख्यमंत्री श्री साय का नारायणपुर में किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किसान के हित में उनकी सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को लेकर जोरदार ढंग से स्वागत अभिनंदन किया और मुख्यमंत्री का आभार जताया। किसानों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना था कि उन्होंने यह सोचा नहीं था कि धान खरीदी और बकाया बोनस को लेकर विष्णु देव सरकार इतनी तेजी से फैसला लेकर उसे लागू भी कर देगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल किसानों के हित से जुड़े मामलों को जिस तेजी के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने लागू किया है, यह स्वागतेय है। छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार ने राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। राज्य में समर्थन मूल्य पर रिकार्ड तोड़ धान की खरीदी के बावजूद भी धान बेचने से शेष रह गए किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी की निर्धारित अवधि में 4 दिन की बढ़ोत्तरी भी की गई।

किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि नई सरकार किसानों की हितैषी है। राज्य के किसान भाईयों को 2183 रूपए प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के भीतर उनके बैंक खातों में किया गया है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना लागू करने की तैयारी में है। इस नवीन योजना के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 10 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह राज्य धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कहते है कि एक दौर ऐसा था जब किसानों के पास उन्नत और बेहतर खेती के लिए पूंजी नहीं होती थी। किसानों को साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर रकम लेकर खेती-किसानी करने पड़ती थी। किसान हमेशा कर्ज में फंसे रहते थे। इस स्थिति को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम उठाया और किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। इससे किसानों को कम दर पर सोसायटियों एवं बैंकों से कर्ज मिलने लगा। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, उस समय सहकारी बैंकों से किसानों को रियायती ब्याज दर पर खेती के लिए कर्ज मिलता था, जिसे धीरे-धीरे घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया है। किसानों को बिना ब्याज के खेती-किसानी के लिए ऋण देने का काम छत्तीसगढ़ की रमन सरकार के दौर में शुरू हुआ था। आज भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती के लिए लोन मिल रहा है। फसल बीमा जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को सहजता से मिल रहा है। इसका श्रेय भी तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। उनके कार्यकाल में ही फसल बीमा योजना का सरलीकरण किया गया। छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में, जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। राज्य में सिंचाई रकबे में विस्तार के लिए नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

# पीएम मोदी ने दुर्गवासियों को दी करोड़ों की सौगात

## आईआईटी, सोलर पॉवर प्लांट, ईएसआईसी हॉस्पिटल के बाद चौथी बड़ी सौगात

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने लगातार रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया है। इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में आज प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया। 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। ये स्टेशन शहर के दोनों किनारों को एक साथ मिलाते हुए 'शहर के केंद्र' के रूप में कार्य करेंगे। इन स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होगी। इनमें छत प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक फेकेड, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। साथ ही, इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल पुनर्विकसित किया जाएगा। इन स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। ये रोड ओवरब्रिज और अंडरपास 24 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित हैं। लगभग 21 हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये की लागत से इन परियोजनाओं का निर्माण किया गया है। इन परियोजनाओं से भीड़ कम होगी, सुरक्षा व कनेक्टिविटी बढ़ेगी औररेल यात्रा की क्षमता व दक्षता में सुधार होगा।



इसी कड़ी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के करकमलों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 2700 करोड़ रुपये की लागत से अमृत भारत स्टेशन का शिलान्यास तथा रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास/लोकार्पण किया गया। इसके तहत उन्होंने पुनर्विकसित किए जा रहे 21 स्टेशनों तथा 83 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। जिनमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के शामिल 17 स्टेशनों में कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, सरोना, भाटापारा, डोंगरगढ़, भिलाईनगर, हथबंध, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अम्बिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराझरा, भानुप्रतापपुर, निपनिया, मंदिरहसौद एवं भिलाई स्टेशन शामिल है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस अवसर पर देश की जनता को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि हम बड़े सपने देखते है और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते है। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेल्वे कार्यक्रम में दिख रहा है। उन्होंने देश भर से कार्यक्रम में जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन किया। उन्होंने सभी राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री गणों को, केंद्र व राज्य सरकारों के समस्त मंत्रीगणों को, विधायकों एवं गणमान्य नागरिकों को एवं 500 से अधिक रेल्वे स्टेशनों और 1.5 हजार से ज्यादा दूसरी जगहों से जुड़े सभी लोगों को शिलान्यास कार्यक्रम की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। 2 हजार से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने 27 राज्यों के लगभग 300 से अधिक जिलों में 550 से अधिक रेल्वे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास किया। इन परिजनाओं का उद्देश्य देश के युवाओं को लाभ पंहुचाना है। इससे लाखों नौजवानों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परियोजना के तहत कायाकल्प स्कूल कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और रोजगार के लिए रोज सफर करने वाले लोगों को सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा विकसित भारत युवाओं के सपनों का भारत है और युवाओं का सपना ही मोदी का संकल्प है। अमृत भारत स्टेशन विरासत और विकास दोनों के प्रतीक होंगे। मोदी जी ने उड़ीसा, तमिलनाडू, गुजरात व अन्य रेल्वे स्टेशनों की अधोसंरचना का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा इन्ही स्टेशनों की तरह अमृत भारत रेल्वे स्टेशन उस शहर की विशेषता से दुनिया को परिचित कराएगा। इन स्टेशनों के निर्माण में दिव्यांग व बुजुर्गो की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। 1 दशक पहले रेल्वे की सुविधा सिर्फ पैसे वाले लोग ही उठा सकते है ऐसी धारणा थी पर आज मध्यम वर्गी एवं गरीब वर्ग में आने वाले लोग भी इसका लाभ ले रहे हैं। पिछले दस वर्ष में रेल्वे में तेजी से विकास हुआ है।

कार्यक्रम में सांसद श्री विजय बघेल ने उपस्थित रेल्वे विभाग के सभी अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों शिलान्यास कार्यक्रम की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने दुर्ग जिले के निवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि इस प्रकार ऐतिहासिक कार्यक्रम में सहभागी एवं साक्षी हो पाए। रेलवे परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था की सराहना की एवं लोगों को सफाई बनाए रखने की अपील भी की। उन्होंने विगत दिनों में दुर्ग में हुए विकास कार्यो के लिए भी प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत देश के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प एवं 1500 से अधिक रेलवे ओवर ब्रिज अंडरब्रिज का शिलान्यास एवं लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से किया गया। इसी कड़ी में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में दो स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुर्ग रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर रायपुर की दिशा में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी श्री राजेन्द्र कुमार पाध्ये, गंजपारा सदर मंडल, बोरसी कसारीडीह मंडल और दीपक नगर एवं आमदी मंदिर वार्ड के कार्यकर्ता शामिल थे। दुर्ग विधानसभा में दूसरा कार्यक्रम उरला रेलवे क्रॉसिंग में सिद्धेश्वर मंदिर के पास बघेरा ओवरब्रिज शिलान्यास और उरला अंडरब्रिज शिलान्यास रखा गया। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी श्री कांतिलाल जैन, चंडी शीतला मंडल एवं सिकोला पटरीपार मंडल के कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसके लिए उन्हे सांसद श्री विजय बघेल द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही स्कूलों में निबंध, ड्रांइग, भाषण, कविता पाठ व यात्रा वृतांत प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में रसमडा रेलवे स्टेशन के पास दुर्ग की दिशा में अंडरब्रिज शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी प्रकार पाटन विधानसभा क्षेत्र में कुम्हारी के पास ग्राम कुगदा में अंडरब्रिज शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सीएसपी चिराग जैन, डीआरएम व रेलवे के समस्त अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## साय सरकार किसानों के लिए पूरी तरह है समर्पित- ओपी चौधरी

**रायपुर।** वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने आज विधानसभा में बजट पर चर्चा के लिए पक्ष एवं विपक्ष की तरफ से चर्चा में शामिल सदस्यों के साथ ही सदन के सभी सदस्यों को अपनी तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। वित्त मंत्री ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में कहा की मैं बजट पर चर्चा में शामिल सभी साथियों को अपने सुझाव और अपनी बातें रखने के लिए धन्यवाद देता हूं।

वित्त मंत्री ने सदन को संबोधित करते हुए कहा की राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार बस्तर एवं सरगुजा पर फोकस करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा की सरगुजा एवं बस्तर को इको टूरिज्म एवं नेचुरोपैथी डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जायेगा। बस्तर क्षेत्र में लघु वनोपज के प्रसंस्करण हेतु उद्योगों की स्थापना की जाएगी और समन्वित प्रयास करते हुए इन क्षेत्रों की आर्थिक संभावनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा की एक ओर हमारी सरकार गोंडी भाषा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ नया रायपुर को आईटी सेक्टर बनाने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं,हम टेक्नोलॉजी के व्यापक इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे जिससे इससे प्रदेश में बड़ा परिवर्तन आएगा। वित्त मंत्री ने नए जिलों के बारे में कहा की उन्हें यह जानकारी मिली है की बहुत से नए जिलों में कार्यालय, कॉलेज एवं मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। इन जिलों का विकास करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। श्री चौधरी ने सदन को संबोधित करते हुए कहा की यह विष्णु देव साय की सरकार है जिसने निर्णय लिया है कि 15 क्विंटल की जगह 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी होगी। इसके लिए किसानों के हित में कृषक उन्नति योजना के तहत बजट में 12 हजार करोड़ का प्रावधान भी किया गया है।

# दुख की घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार शहीद जवान के परिजन के साथ हैं - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**दुख की घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार शहीद जवान के परिजन के साथ हैं**

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने बीजापुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में शहीद जवान श्री राम आशीष यादव को भिलाई पहुँचकर नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं और पार्थिव शरीर को कंधा लगाकर पैतृक ग्राम उत्तरप्रदेश के लिए रवाना किए। उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजन के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा छत्तीसगढ़ सरकार उनके परिजन के साथ है। श्री राम आशीष यादव ने आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की है, उनकी शहादत को नमन है।



उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जवानों की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। यह जो आईईडी विस्फोट होता है इससे क्षेत्र का विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होती है। छत्तीसगढ़ राज्य में जब से विष्णुदेव साय की सरकार बनी है, नक्सलियों के विरूद्ध लड़ाई तेज हुई है। माओवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्यवाही और दखल के चलते नक्सलियों के पांव उखड़ने लगे हैं। हमारी सरकार माओवाद प्रभावित क्षेत्र का विकास चाहती है, इसके लिए हमने नियद नेल्लानार योजना लायी है। इन ग्रामों में सभी परिवारों को विशेष पिछड़ी जनजाति के समान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास सुविधा, सभी को राशन कार्ड, सभी को मुफ्त चावल, चना-नमक, गुड़ और शक्कर, उज्ज्वला योजना के तहत 4 मुफ्त गैस सिलेंडर, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक शाला, किसानों को सिंचाई हेतु बोरवेल सहित सिंचाई पम्प, हैंड पंप, सोलर पंप, हर ग्राम में खेल मैदान, मुफ्त बिजली, बैंक सखी, एटीएम, कौशल विकास, वन अधिकार पट्टा, मोबाईल टावर, डीटीएच एवं टीवी, हेलीपैड तथा ब्लाक मुख्यालय तक बस सुविधा जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सभी ग्रामों को बारहमासी सड़क से जोड़े जाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

# जनकल्याणकारी बजट के माध्यम से अमृत काल में रखी गई विकसित छत्तीसगढ़ की नींव

**पहली बार विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रस्तुत किया पेपरलेस बजट**




**विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में जो खास बातें रहीं, जिससे यह बजट अगली पीढ़ी का और अविस्मरणीय बना, वे इस तरह से हैं। रामराज्य को सुशासन का सबसे बड़ा माडल बताया- वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के रामराज्य से बड़ा सुशासन का माडल पूरी दुनिया में कहीं नहीं मिलता। तुलसीदास जी ने हमें रामराज्य की अवधारणा बताई है। हम इसी आधार पर काम करेंगे। मिशन 2047- विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य- वित्त मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 में विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। दूसरे राज्यों के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत को विकसित बनाने के लिए महायज्ञ में छत्तीसगढ़ भी अपनी आहूति देगा और वर्ष 2047 तक हम छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे।**

**रायपुर।** पहली बार विधानसभा में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी प्रस्तुत किया पेपरलेस बजट अगले पांच सालों में जीडीपी को 5 लाख करोड़ रुपए से 10 लाख करोड़ रुपएतय किया गया लक्ष्य वित्त मंत्री ने कहा कि विकास यात्रा का शुक्ल पक्ष आरंभ श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन का हुआ उदय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अथक ऊर्जा हमारा स्रोत लक्ष्य प्राप्त करने 10 पिलर्स किये गये निर्धारित पहली बार छत्तीसगढ़ के बजट में पूंजीगत व्यय में बड़ी वृद्धि सुशासन लाने 266 करोड़ रुपए के माध्यम से विभागों में डिजिटल कामकाज को बढ़ावा

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने आज तक्रश्चञ्ज ष्टत्र की थीम पर बजट प्रस्तुत कर अमृत काल में विकसित छत्तीसगढ़ की नींव रखी। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लिए 01 लाख 47 हजार 500 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विधानसभा में पहली बार पेपरलेस बजट प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश 2047 में जब अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा तब तक छत्तीसगढ़ भी विकसित राज्य बनकर खड़ा होगा, इस विजन को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। अपनी बात रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन का उदय हो चुका है। वित्त मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने कुशासन के खिलाफ सुशासन पर मुहर लगाकर हमें जनादेश दिया। हमारे सामने चुनौतियां का घना अंधेरा था। प्रशासनिक तंत्र पटरी से उतरा था। हमें खजाना खाली मिला। महिलाएं असुरक्षित थीं। युवा हताश थे लेकिन हम अंधेरों के बीच उजाले की तलाश करने की ताकत रखते हैं।

श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में जो खास बातें रहीं, जिससे यह बजट अगली पीढ़ी का और अविस्मरणीय बना, वे इस तरह से हैं।

रामराज्य को सुशासन का सबसे बड़ा माडल बताया- वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के रामराज्य से बड़ा सुशासन का माडल पूरी दुनिया में कहीं नहीं मिलता। तुलसीदास जी ने हमें रामराज्य की अवधारणा बताई है। हम इसी आधार पर काम करेंगे।

मिशन 2047- विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य- वित्त मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 में विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। दूसरे राज्यों के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत को विकसित बनाने के लिए महायज्ञ में छत्तीसगढ़ भी अपनी आहूति देगा और वर्ष 2047 तक हम छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे।

विकसित छत्तीसगढ़ को प्राप्त करने 10 पिलर्स- वित्त मंत्री ने बताया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने हमने 10 पिलर्स तैयार किये हैं।

इन पिलर्स में पहला पिलर ज्ञान है। यह हमारे आर्थिक विकास का बिन्दु है। ज्ञान अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता तथा नारी शक्ति के विकास पर काम। नेल्सन मंडेला का उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश को तबाह करने बारूद और मिसाइल की जरूरत नहीं, शिक्षा की गुणवत्ता को खराब करना और परीक्षा में भ्रष्टाचार ही देश को बर्बाद करने पर्याप्त है।

दूसरा पिलर तकनीक आधारित रिफार्म और सुशासन से तीव्र आर्थिक विकास है। इसके अंतर्गत एआई, डेटा एनालिटिक्स आदि को बढ़ावा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सेंटर फार स्मार्ट गवर्नेंस की स्थापना। डिजिटल टेक्नालाजी को विभागों में बढ़ावा देने 266 करोड़ रुपए का प्रावधान

तीसरा पिलर अधिकाधिक पूंजीगत व्यय अर्थात कैपेक्स को बढ़ाना है। वित्त मंत्री ने बताया कि पूंजीगत व्यय में 100 रुपए की वृद्धि से जीडीपी में 247 रुपए की वृद्धि होती है। गत वर्ष की तुलना में इस बार कैपेक्स में 20 प्रतिशत की वृद्धि।

चौथा पिलर प्राकृतिक संसाधनों का उचित इस्तेमाल है। साथ ही इसका न्यायपूर्ण वितरण भी सुनिश्चित करना।

पांचवां पिलर अर्थव्यवस्था के सेवा क्षेत्र में नई संभावनाओं पर जोर है। इसमें इको टूरिज्म सर्किट, हेल्थ डेस्टिनेशन, वेडिंग डेस्टिनेशन, बिजनेस टूरिज्म, कांफ्रेंस डेस्टिनेशन, आईटी सेक्टर आदि की स्थापना शामिल। छठवां पिलर सरकार की सारी क्षमताओं के साथ ही निजी निवेश भी सुनिश्चित करना। रेड टेपिज्म के स्थान पर रेड कारपेट वेलकम। मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस पर होगा काम। ईज आफ डूइंग बिजनेस, ईज आफ लिविंग, सिंगल विंडो प्रणाली, आनलाइन परमिशन, मिनिमम परमिशन आदि पर जोर। पीपीपी, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के लिए नीति आयोग एवं आईआईएम जैसे विशेषज्ञ संस्थाओं से सहयोग लेंगे।सातवां पिलर बस्तर सरगुजा की ओर देखो। एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने और इको टूरिज्म, नैचुरोपैथी के लिए काम होगा।

बस्तर में लघु वनोपजों का प्रसंस्करण और सरगुजा में उद्यानिकी एवं मछलीपालन की संभावनाओं पर काम होगा।आठवां पिलर डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट पाकेट्स पर काम होगा। नवा रायपुर में प्लग एंड प्ले मॉडल पर आईटी आधारित रोजगार सृजन होगा। नवा रायपुर में लाइवलीहुड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और दुर्ग जिले में सेंटर ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप स्थापित स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जाएगा।

इस क्षेत्र को विश्वविस्तरीय आई.टी. सेक्टर, वेडिंग डेस्टीनेशन, एजुकेशन एवं हेल्थ डेस्टीनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। औद्योगिक जिलों में इसी के अनुरूप विकास तथा कृषि प्रधान जिलों में कृषि आधारित विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा के अंतर्गत स्कूलों में हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ।** जिले के शास.मा.विद्यालय एवं शास.उच्च.माध्यमिक विद्यालय कछार में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत स्कूलों में चित्रकला, भाषण, नारा लेखन, स्लोगन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, जागरुकता रैली सहित विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात सुरक्षा व नियमों का प्रचार-प्रसार कर जागरूक करना रहा।

जिला मुख्य आयुक्त पुरुषोत्तम अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला एवं सहायक संचालक के.के.स्वर्णकार के मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छ.ग.जिला संघ रायगढ़ द्वारा कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने पहले यातायात संबंधित जागरूकता में रैली निकाली और पोस्टर, मेगाफोन का उपयोग कर के नारे लगाये, यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार कर लोगों में यातायात नियमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जो समाज में यातायात नियमों के बारे में व्यवहारिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी तथा विविध जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिए। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जागरूकता रैली में 250 से भी अधिक लोगों ने भाग लेकर विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला सचिव श्री विकास तिवारी, सहायक श्री जितेंद्र डनसेना, श्री आर.डी.चौधरी यूनिसेफ़ के तरफ से जिला सलाहकार प्रशांत कुमार प्रधान ने कार्ययोजना तैयार कर सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही जागरूकता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ वी द पिपल फाउन्डेशन तथा यूनिसेफ द्वारा भी सहयोग प्रदान किया तथा जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत स्काऊट एंड गाइड्स, एनएसएस के बच्चे, सहित श्री पी सी बघेल प्राचार्य, शिक्षकगण में सुश्री एफ. बरवा, हरिशंकर पटेल, कल्पना ठाकुर, मुरलीधर व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने सिखा खुद को कैसे

**बेमेतरा** रवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय ढोलिया बेमेतरा के 60 छात्रों ने आत्मनिर्भर भारत योजना के अन्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, संयुक्त जिला कार्यालय, बेमेतरा रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करना है।

वे बैंकों के माध्यम से ऋण पर अनुदान 35 त्न अधिकतम अनुदान रूपए 10 लाख तक का लाभ उठाकर अपना उद्यम स्थापित करना तथा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में कार्यरत उद्यमी और खाद्य प्रसंस्करण उद्यम शुरू करने के इच्छुक लोग इस योजना के तहत नामांकन आवेदन प्रस्तुत करना व अन्य सुविधाएं जैसे प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में सहायता आदि के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही साथ जिला के अधिकारियों ने भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य योजना के बारे में, बैंक के अधिकारियों द्वारा इन योजनाओं में मिलने वाले सब्सिडी, ब्याज आदि के बारे में बताया।

इस कार्यशाला में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बेमेतरा के महाप्रबंधक श्री बी आर निकुंज, प्रबंधक श्री कपिल सिंह कुशवाहा, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ.जितेंद्र कुमार जोशी, पीएमएफएमई सेल से श्री भूषण किंचक विभिन्न बैंकों के प्रबंधक और कृषि महाविद्यालय से डॉ. नूतन सिंह उपस्थिति थे।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश के बाद पानी टंकी के निर्माण में आई तेजी



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के ग्राम देवरहट में पानी टंकी (उच्च स्तरीय जलागार) के निर्माण का काम तेजी से शुरू हो गया है। विगत दिनों एक कार्यक्रम में शामिल होने देवरहट पहुंचे उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री साव से ग्रामीणों ने पानी टंकी के निर्माण में लेट-लतीफी की शिकायत की थी। श्री साव ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यस्थल का निरीक्षण कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पानी टंकी का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश के बाद विभाग ने तुरंत ही पानी टंकी का निर्माण पूर्ण करने तेजी से काम प्रारंभ कर दिया है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यस्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से कहा था कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उप मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य त्वरित गति से शुरू कर दिया गया है। इसका काम शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि देवरहट में हर घर तक शुद्ध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के लिए करीब एक करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से उच्च स्तरीय जलागार बनाया जा रहा है। इसके निर्माण से गांव के 437 परिवारों को स्वच्छ पेयजल का लाभ मिलेगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर तेजी से इसका निर्माण पूर्ण किया जा रहा है।

## अरपा महोत्सव पर आयोजित मैराथन में सभी वर्ग के धावकों ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग



**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही ।** जीपीएम जिला गठन के चौथी वर्षगाठ पर 10 फरवरी को आयोजित अरपा महोत्सव के उपलक्ष्य पर आज नदियों और वनों के संरक्षण के लिए जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से 21 किलोमीटर और 5 किलोमीटर मैराथन आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया के मार्गदर्शन में आयोजित 21 किलोमीटर के मैराथन का शुभारंभ कार्यालय वनमण्डलाधिकारी मड़ना गौरेला से शुरू होकर ओवरब्रिज, कुर्रीपारा बाइपास, सिविल कोर्ट स्क्वेर, रानी दुर्गावती चौक, कलेक्टर ऑफिस होते हुए सेमरा बाई से वापस वनमण्डलाधिकारी कार्यालय में समाप्त हुआ। इसके साथ ही इसी रूट पर 5 किलोमीटर का मैराथन भी आयोजित किया गया।

कलेक्टर ने विजेता धावकों को 5 हजार रुपए प्रथम, 3 हजार रुपए द्वितीय और 2 हजार रुपए तृतीय नगद पुरस्कार के साथ ही शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मैराथन में पंजीकृत सभी धावकों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। 21 किलोमीटर मैराथन में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान राजेश मरावी, द्वितीय स्थान अशलेश कुमार, तृतीय स्थान सागर केंवट और महिला वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी मरावी, द्वितीय स्थान प्रियंका चौधरी, तृतीय स्थान अंशु माला का रहा। इसी तरह 5 किलोमीटर मैराथन में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान चंद्रभान सिंह, द्वितीय स्थान पुर्षोत्तम सिंह, तृतीय स्थान मोहन राठौर और महिला वर्ग में प्रथम स्थान कुसुम ओट्टी, द्वितीय स्थान जयमंत्री देवी एवं तृतीय स्थान पर शांति पैकरा रही।

## कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा से हुए मृत्यु के 9 प्रकरणों को किया स्वीकृत

**सारंगढ़ बिलाईगढ।** कलेक्टर श्री के.एल. चैहान ने जिले के आपदा राहत कोष शाखा और सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया था कि वे जितना लंबित प्रकरण है, उस प्रकरण का त्वरित निराकरण कर स्वीकृति के लिए भेजें। निर्देश के पालन में अप्रैल से लेकर जनवरी तक के प्रकरण को प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिले के 9 नागरिक जिनकी प्राकृतिक आपदा से मृत्यु हुई है, उनके आश्रित परिवारिक सदस्यों के लिए चार लाख रूपए का सहायता राशि स्वीकृत किया है। इसके अंतर्गत बिलाईगढ़ तहसील में सर्प काटने हुए मृत्यु प्रकरण में ग्राम छिर्रा के संदीप कुमार कुर्रे की मृत्यु पर पिता गनेशराम को, ग्राम पचरी के दिनेश लहरे की मृत्यु पर पत्नी ब्रिंटीबाई लहरे को, ग्राम दोमुहानी के धनेश्वरी बंजारे की मृत्यु पर पिता तीजराम बंजारे को, ग्राम टुंडरी की पूजा मिरी की मृत्यु पर उनकी माता कौशिल्या पति राधेश्याम को 4 लाख रूपए का राशि स्वीकृत किया है। इसी प्रकार आकाशीय बिजली (गर्जना) हुए मृत्यु प्रकरण अंतर्गत सरिया तहसील के ग्राम डभरा के आकाशी सिदार की मृत्यु पर पिता दुष्यंत सिदार को, बरमकेला तहसील के ग्राम बोरे के नेहरू लाल पटेल की मृत्यु पर पत्नी नलिनी पटेल को, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम रमतला के रमायणमति की मृत्यु पर पुत्र रविन्द्र कुमार केंवट को 4 लाख रूपए का राशि स्वीकृत किया है।

# वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन ने नगपुरा स्थित गौशाला का किया उद्घाटन



**दुर्ग।** जिले के पार्श्वतीर्थ नगपुरा स्थित श्री पार्श्व जीव मैत्रीधाम में नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन कल वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन द्वारा फीता काटकर किया गया। वाणिज्य मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गौमाता की सेवा करना बहुत ही पुण्य का काम है। गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। हमारे दैनिक जीवन में गाय की उपयोगिता को नकारा नही जा सकता। गाय जीवन भर लाभान्वित करने वाला पशु है जिसके सहारे एक परिवार अपना भरण-पोषण कर सकता है। सर्वसुविधायुक्त शेडयुक्त गौशाला में अभी 65-70 पशु हैं और यहां 400 पशुधन रखने की क्षमता हैं। आज बहुत सारे गौशालाओं का संचालन जैन समाज द्वारा किया जा रहा है। यह बहुत हर्ष की बात है।

गौमाता से हमें दूध, दही, पनीर, गौ मूत्र इत्यादि प्राप्त होते हैं, जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत उपयोगी है। गौमूत्र से कई बीमारियों का उपचार होता है। राज्य सरकार द्वारा गौ संरक्षण की दिशा में लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। गौशाला निर्माण से शहर के लोगों के अलावा आसपास के गांव के लोगों को भी राहत मिलेगी। इस गौशाला में दुर्घटना से घायल, बीमार एवं ज्यादा उम्र होने जाने पर किसान पशुओं का भरण-पोषण नही कर पाते हैं और उसे ईधर उधर छोड़ देते हैं। जैन समाज द्वारा निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त गौशाला में गायों का उपचार और उनकी देख-रेख व उनका भरण-पोषण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक श्री धरमजीत सिंह ने कहा कि जैन मंदिर का दर्शन, पूजा-अर्चना कर व उनके सिद्धांतों को सुनकर मन को काफी शांति प्राप्त होती है।

## 70 विकास कार्यो का होगा लोकार्पण-भूमिपूजन

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।** जीपीएम जिला गठन के उपलक्ष्य में 10 फरवरी को मल्टी पर्पस शाला मैदान पेण्ड्रा में आयोजित अरपा महोत्सव में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल 35 करोड 26 लाख 62 हजार रूपए की लागत के 70 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। इनमें 8 करोड़ 90 लाख 91 हजार रूपए की लागत के 50 लोकार्पण और 26 करोड़ 35 लाख 71 हजार रूपए के लागत के 20 भूमिपूजन के कार्य शामिल है। लोकार्पित होने वाले कार्यों में जिला चिकित्सालय परिसर में सी-मार्ट, केंटीन निर्माण एवं यूटिलिटी शॉप निर्माण लागत 43.16 लाख रूपए, शासकीय आयुर्वेद औषधालय भवन पेण्ड्रा लागत 16.36 लाख रूपए, ग्राम बदरौड़ी में नल जल प्रदाय योजना लागत 59.77 लाख रूपए, ग्राम लरकेनी में नल जल प्रदाय योजना लागत 40.41 लाख रूपए, ग्राम करंगरा में नल जल प्रदाय योजना लागत 55.82 लाख रूपए, रक्षित केन्द्र मरवाही में पुरूषों के लिए दो बैरक निर्माण लागत 36.42 लाख और थाना मरवाही में महिला बैरक निर्माण लागत 18.21 लाख रूपए, लालपुर रोपणी में प्लग टाईप नर्सरी निर्माण लागत 48.80 लाख रूपए, दुर्गाधारा जल प्रपात ठाड़पथरा में सीढ़ी एवं रेलिंग निर्माण लागत 9 लाख रूपए, पर्यटन स्थल ठांड़पथरा में मड मोर्टार, किचन, डायनिंग रूम एवं सीसी रोड निर्माण लागत 26 लाख रूपए, पर्यटन स्थल माई के मण्डप में समुदाय के लिए शेड निर्माण लागत 5.50 लाख रूपए शामिल है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक- गुलाब दास दीवान, द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. ( छ.ग. ) भवन, प्रेस काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ग्राम-पोस्ट-पवनी, तहसील-बिलाईगढ़, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. ), 493338 से प्रकाशित। RNI NO. CHHHIN/2022/83778 सम्पादक- गुलाब दास दीवान, मो. 9294743139